✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 297 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 27 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com







## संक्षिप्त समाचार

### आरा सिविल कोर्ट बम ब्लास्ट के सभी दोषी बरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के बहुचर्चित आरा सिविल कोर्ट बम ब्लास्ट मामले के सभी दोषी बरी कर दिए गए हैं। पटना हाईकोर्ट ने दोषी लंबू शर्मा की फांसी की सजा को भी रद्द कर दिया। अदालत ने कुख्यात लंबू शर्मा एवं अखिलेश उपाध्याय को भी बरी किया है। हालांकि, जेल से भागने के अन्य मामले में वे दोषी करार रहेंगे। इसलिए दोनों को फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

### प्रशिक्षु आइएएस को दी गई योजनाओं की जानकारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2024 बैच के प्रशिक्षु पदाधिकारियों को जीविका कार्यालय के सभागार में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही इस प्रशिक्षण में पदाधिकारियों को प्रशासनिक सेवा संबंधी बारीकियों से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में आज समूह की दीदियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के कलमबाग चौक रोड के पास सड़क दुर्घटना में दो जिगरी दोस्तों की मौत हो गई। दोनों दोस्त प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। मृतकों की पहचान वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र निवासी मिठनपुरा कन्हौली मठ के विवेक उर्फ राजा और मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के खादी भंडार निवासी अंशु कुमार के रूप में हुई है।

### मुख्यमंत्री ने नालंदा में किया 216 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

# नालंदा के सभी प्रखण्डों में आदर्श विद्यालय तथा डिग्री कालेज की होगी स्थापना : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** समृद्धि यात्रा के अंतिम दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले में 316 करोड़ की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन एवं 494 करोड़ रुपये की लागत से 106 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस क्रम में वे जन संवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि हमलोग 20 साल से लगातार बिहार के विकास में लगे हैं। वर्ष 2005 से पहले की सरकार ने कुछ नहीं किया। आपको याद होगा कि नालंदा का पहले क्या हाल था। पटना से बिहारशरीफ आने का रास्ता बहुत खराब था तथा आवागमन में बहुत समय लगता था। जिले के अंदर वाले क्षेत्रों तथा आसपास के जिलों में आना-जाना बहुत कठिन था। नालंदा जिले के पर्यटक स्थलों का कोई विकास नहीं हुआ। पूरे जिले में बिजली का हाल बहुत बुरा था। हमारी सरकार ने 2005 से ही नालंदा जिले में विकास के सभी काम कराये हैं। वर्ष 2024



के दिसंबर एवं 2025 के जनवरी-फरवरी माह में प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा, जो कमी रही उसे पूरा करने के लिए कई योजनाओं की स्वीकृति दी। नालंदा जिले की भी 19 योजनाओं की स्वीकृति दी गयी जिन पर काम चल रहा है जिसे शीघ्र पूरा किया जायेगा। चार सिंचाई योजनाओं तथा 2 जमींदारी बांध का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। चार नदियों में कटाव निरोधी कार्य कराया जा रहा है। चार पथों का चौड़ीकरण तथा दो नये बाईपास क्रमशः हिलसा पूर्वी और बिहारशरीफ पूर्वी बाईपास का निर्माण किया जा रहा है। सरमेरा में कृषि अनुसंाान केन्द्र की स्थापना की गयी है। राजगीर के गर्म पानी के कुण्ड (ब्रह्मकुण्ड) परिसर का विकास किया जा रहा है। अनेक प्रखंडों में नये प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। सात निश्चय 3 के तहत अगले 5 वर्षों 2025 से 2030 के बीच में नालंदा जिले में अनेक काम कराये जायेंगे। नालंदा जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर नये उद्योग लगाये जाएंगे। डेयरी को बढ़ावा देने के लिए सभी 231 पंचायतों में सुधा दूध बिक्री केन्द्र खोला जायेगा। सभी 20 प्रखण्डों में आदर्श विद्यालय तथा डिग्री कालेज की स्थापना की जायेगी। सभी 20 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट अस्पताल (शेष पृष्ठ 9 पर)

## नीतीश कुमार ने खोला बिहार की समृद्धि का रास्ता : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की समृद्धि का रास्ता नीतीश कुमार ने खोला। नीतीश कुमार ने बिहार की समृद्धि की कल्पना की है। अब सोने की चिड़िया नहीं सोने का शेर बनाना है। मुख्यमंत्री ने बिहार में सड़कों का जाल बिछाया। पटना का मरीन ड्राइव देखिए। 2012 में नीतीश जी ने इसे बनाने की शुरुआत की थी। आज इसे देखने के लिए दुनिया के लोग आ रहे हैं। जिस बिहार में महिलाओं का अर्थव्यवस्था में कोई योगदान नहीं माना जाता था, आज एक करोड़ 81 लाख बहनों के खातों में 10-10 हजार डाले गए हैं। अगले एक महीने के अंदर बची 18 लाख बहनों के खातों में भी नीतीश कुमार जी की सरकार पैसे भेजने का काम करेगी। आपने 16 तरह की यात्रा की और बिहार की कमियों को दूर किया। आप इसी तरह मार्ग दर्शन देते रहिए। मैं एनडीए को आश्वस्त करता हूं। बिहार इनके नेतृत्व में चल रहा है और



आगे भी चलता रहेगा। नीतीश कुमार ने बिहार को संभाला है। बिहार को संवारा है। बिहार आपको हमेशा विकास पुरुष के रूप में याद करता रहेगा। 2005 देश के इतिहास में याद किया जाएगा। उस साल पहली बार एनडीए की सरकार आई थी। आज लोग बिहार से प्रेरणा ले रहे हैं। 2005 तक जो सरकार थी वो सिर्फ तानाशाही करती थी। उनके लोग आज भौकाल बनाते हैं। सामाजिक उन्माद पैदा करते हैं। जनता ने जो जनादेश दिया, उससे मोदी जी और नीतीश जी की जोड़ी हिट हो गई।

## स्वास्थ्य केंद्र का बीसीएम घूस लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखते हुए पटना से आई निगरानी विभाग की टीम ने गुरुवार को नालंदा जिले के नगरनौसा में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात बीसीएम (ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर) मनजीत कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बीसीएम मनजीत कुमार ने आशा कार्यकर्ता की बहाली के एवज में पीड़िता बॉबी कुमारी से 25 हजार रुपये की मांग की थी। रिश्वत की मांग से परेशान होकर बॉबी कुमारी ने इसकी शिकायत पटना स्थित निगरानी विभाग से की। विभाग ने मामले का सत्यापन कराया और आरोप सही पाए जाने पर जाल बिछाया। गुरुवार को जैसे ही बॉबी कुमारी ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये मनजीत कुमार को दिए, पहले से घात लगाए बैठी निगरानी टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम आरोपी को अपने साथ पटना ले गई है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

## ऐतिहासिक होगी रामनवमी की शोभा यात्रा : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रामनवमी की तैयारी अब अपने अंतिम चरण में है। रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के संयोजक और भारतीज जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज प्रेस वार्ता कर पटना में रामनवमी शोभा यात्रा के बारे में सारी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रामनवमी का त्योहार भारतीय संस्कृति, आस्था और मर्यादा का प्रतीक है। यह पर्व भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म और न्याय को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करता है।



उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्ज़ा और सांस्कृतिक एकता का संदेश जाता है। पटना में यह आयोजन लंबे समय से मनाया जाता रहा है। यात्रा को संगठित करने का प्रयास भी काफी समय से किया जा रहा है। श्रीराम चौक पर भव्य झांकी का आयोजन किया जाता है। पूरा वातावरण भक्तिमय बनाने के लिए सभी संकल्पित हैं। इस दौरान विभिन्न प्रकार की झांकियां देखने का अवसर मिलेगा, जिनमें अलग-अलग राज्यों के कलाकार भाग लेते हैं। नागपुर, झारखंड सहित अन्य राज्यों के बैंड भी इसमें शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पटना में पिछले 16 वर्षों से यह झांकी और कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है। शाम 5:30 बजे से पटना के विभिन्न कोनों से आने वाली झांकियों को देखने के लिए पटना वासियों से आग्रह किया गया है। नितिन नवीन ने कहा कि समिति ने कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने की पूरी तैयारी कर ली है साथ ही उन्होंने प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, स्वच्छता एवं आपातकालीन सुविधाओं का (शेष पृष्ठ 9 पर)






## एससी-एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति होगी दोगुनी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य में संचालित डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावासों में रहने वाले छात्रों की मासिक छात्रवृत्ति अब दोगुनी कर दी जाएगी। इन्हें वर्तमान में एक हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति मिलती है। नए प्रस्ताव के तहत इन्हें अब दो हजार रुपये छात्रवृत्ति का भुगतान होगा। इससे इन छात्रावासों में रहने वाले राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के करीब 10 हजार विद्यार्थियों को लाभ होगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग ने इनकी छात्रवृत्ति बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग की ओर से प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिपरिषद की मंजूरी के लिए जल्द भेजा जाएगा। मंत्रिपरिषद की मंजूरी के बाद इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा। विभाग की ओर से इसके पूर्व सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी की गई है और छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी की गई है। इसके बाद अब डॉ. आंबेडकर कल्याण छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। राज्य में वर्तमान में 139 डॉ. आंबेडकर कल्याण छात्रावास संचालित हैं।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की एटीपी प्रणाली कवच की प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित रेलगाड़ी सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली कवच की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में तैनाती में तेजी लाने और अधिक कुशल रेलगाड़ी संचालन सुनिश्चित करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारतीय रेलवे ने कवच में कई अत्याधुनिक सुधार किए हैं। यूनिवर्सल ब्रेकिंग प्रणाली (यूबीए), जो विभिन्न निर्माताओं के ब्रेकिंग कर्व्स को मानकीकृत करता है, अंतरसंचालन सुनिश्चित करता है और बार-बार होने वाले परीक्षणों को समाप्त करता है। बेसलाइन सॉफ्टवेयर, एआई-संचालित



डिजाइन स्वचालन और लोकोमोटिव, इंटरलॉकिंग प्रणाली और ट्रैक मशीनों के लिए एकीकरण इंटरफ़ेस में महत्वपूर्ण उन्नयन प्रणाली की मजबूती को और बढ़ा रहे हैं। कवच तैनाती की वास्तविक समय की निगरानी और पूर्वानुमानित रखरखाव को सक्षम करने के लिए एक एकीकृत संचालन (शेष पृष्ठ 9 पर)

## फर्जी बीएड अंकपत्र पर बनी शिक्षिका, प्राथमिकी

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फर्जी बी.एड. अंक प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति पाने वाली एक शिक्षिका के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की शिकायत पर जहानाबाद नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक विंध्याचल प्रसाद की शिकायत पर दर्ज हुआ है। बताया गया है कि संबंधित शिक्षिका की नियुक्ति वर्ष 2015 में नियोजन इकाई जिला परिषद के माध्यम से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसर बाग, खैरा में की गई थी। शिक्षिका संगीता कुमारी, जो मूल रूप से नवादा जिले के न्यू एरिया पातालपुरी मोहल्ला की निवासी हैं और वर्तमान में पटना के अनीसाबाद में रह रही हैं, पर आरोप है कि उन्होंने नियुक्ति के समय बी.एड. प्रशिक्षण का फर्जी अंक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद विभाग द्वारा जांच कराई गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि प्रस्तुत अंक प्रमाण पत्र फर्जी है। बताया जाता है कि शिक्षिका द्वारा गौहाटी विश्वविद्यालय से जारी बी.एड. प्रशिक्षण का अंक पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसकी वर्ष 2023 में जांच की गई, जिसमें यह फर्जी पाया गया। इसके बाद जनवरी 2026 में दोबारा सत्यापन कराया गया, जिसमें भी प्रमाण पत्र पूरी तरह फर्जी निकला। इसके बाद निगरानी विभाग ने जहानाबाद नगर थाना में शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।




# समृद्धि यात्रा के जन संवाद में नितिन नवीन ने की नीतीश कुमार की सराहना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना के बापू सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया और उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि समृद्धि यात्रा के जरिए बिहार में एक उत्सव का माहौल बना है और राज्य अब इसी सकारात्मक वातावरण में विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। नितिन नवीन ने कहा कि नीतीश कुमार ने निराशा के दौर से निकालकर बिहार को विश्वास और विकास से जोड़ा तथा बिहारियों का सम्मान लौटाया। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद प्रदेश में कार्य करने वाली संस्कृति विकसित हुई और शासन को जवाबदेह बनाया गया। आज हर घर तक बिजली पहुंची है और लालटेन की जगह एलईडी का प्रसार हुआ है जिसका श्रेय मुख्यमंत्री को जाता है। सड़कों के विकास पर उन्होंने कहा कि पहले बिहार में सड़कों की स्थिति खराब थी, लेकिन अब सड़कों का निर्माण और रखरखाव बेहतर हुआ है जो विकास की कहानी बता रहा है। छोटे-छोटे पुल-पुलियों के निर्माण से ग्रामीण संपर्क मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनने से बिहार को विशेष सहयोग मिला। गंगा नदी पर कई नए पुल बने जिससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच दूरी कम हुई है। अब राज्य के किसी भी हिस्से से राजधानी तक पहुंचना आसान हुआ है और एक्सप्रेस वे का निर्माण भी हो रहा है। नितिन नवीन ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार मिला है और वे अब रोजगार देने वाले बन रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और वे घर के साथ-साथ बाहर भी काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में जंगलराज की चर्चा होती थी, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है और राज्य को सम्मान मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि समृद्धि यात्रा भले समाप्त हो रही हो, लेकिन इसके तहत तय विकास का रोडमैप आगे भी जारी रहेगा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार 2030 तक विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करेगी। उन्होंने बिहार की समृद्धि यात्रा निरंतर चलने की कामना की।

# दवा आपूर्ति में नंबर 1 बना बिहार, एनीमिया पर फोकस तेज

## एनीमिया मुक्त राज्य बनाने की दिशा में बड़ा कदमः स्वास्थ्य मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने एवं महिलाओं को एनीमिया मुक्त करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू हुई है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने गुरुवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में एफसीएम थेरेपी इनिशिएटिव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राज्य की महिलाओं में एनीमिया की समस्या को जड़ से समाप्त करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दवाओं की आपूर्ति के मामले में बिहार आज देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य के पास लगभग दो लाख एफसीएम डोज उपलब्ध हैं। शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक जिले की 20 गर्भवती महिलाओं को यह डोज दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जिलों में कम से कम 300 इंजेक्शन तत्काल भेजे जाएं। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अगले एक महीने के भीतर यह सुविधा सभी जिलों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएससी) तक पहुंच जाए। ताकि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं को इलाज के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। अब वे अपने ही प्रखंड स्तर पर यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगी। उन्होंने एनीमिया मुक्त बिहार अभियान में आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर इसे गांव-गांव तक पहुंचाएं। मंगल पांडेय ने यह भी कहा कि राज्य में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन अभी इसमें और सुधार की आवश्यकता है। सरकार का लक्ष्य इन दरों को एक अंक में लाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार ने कहा कि आने वाले समय में बिहार का स्वास्थ्य विभाग देश के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी (ईडी) अमित पांडेय, डॉ. अनुपमा सहित सभी जिलों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े स्वास्थ्यकर्मी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आइआइटी पटना के मंच से बोलीं श्रेयसी सिंह, टेक्नोलॉजी में चमक रहे बिहारी युवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य की सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार के युवाओं के युवाओं में प्रतिभा, संकल्प और नवाचार की अपार क्षमता है। बिहार के युवाओं को अबतक दुनिया केवल आईएएस और आईपीएस के रूप में देखती रही है जबकि आज बिहारी बच्चे टेक्नॉलोजी के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं। आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह गुरुवार को आईआईटी, पटना के बिहटा स्थित कैम्पस में इन्क्यूबेशन सेंटर के दसवें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इस मौके पर आईआईटी, पटना के इन्क्यूबेशन सेंटर ने एम्स, पटना और जेएचपीआईईजीओ के साथ दो समझौता पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किये गए हैं। आईआईटी, पटना में इन्क्यूबेशन सेंटर के दसवें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि यह बिहार सरकार राज्य में एक मजबूत स्टार्टअप और तकनीकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रही है। हमारा उद्देश्य केवल स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना नहीं, बल्कि उन्हें विचार से लेकर उत्पाद को उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाना के लिए सभी जरुरी अवसंरचना, मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराना है। आईआईटी, पटना जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में इस तरह के समारोह राज्य के तकनीकी पारिस्थिकी तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

## डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को दी रामनवमी की बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कामना की कि भगवान श्रीराम की कृपा से सभी के जीवन में सौहार्द, मर्यादा और संस्कार के पुष्प पल्लवित हों तथा हर व्यक्ति का जीवन सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशियों से परिपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि धार्मिक पुराणों के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में हुआ था। हिंदू पंचांग के अनुसार इसी दिन रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान राम का जीवन सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन का सर्वोत्तम उदाहरण है जो हमें सदैव आदर्श मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से आपसी सद्भाव, भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील करते हुए रामनवमी के पर्व को शांति और उल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया।

## चार्ली चैपलिन द्वितीय की अपील-युद्ध खत्म करो शांति के मार्ग पर चलो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** चार्ली चैपलिन द्वितीय हीरो राजन कुमार ने ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध को रोकने की अपील की है। वह पटना में भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने खड़े होकर लोगों की समस्या को देखते हुए युद्ध को तत्काल रोकने का निवेदन कर रहे हैं। हीरो राजन कुमार एक कलाकार के साथ-साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वह सदैव सामाजिक मुद्दों पर जनहित में आवाज उठाते हैं। दुनिया भर में युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं जिसमें 1000 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन हो चुके हैं। लंदन में 30,000 से ज्यादा लोगों ने सड़कों पर उतरकर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया जबकि मैड्रिड, एथेंस, एम्स्टर्डम, एडिनबर्ग, मॉन्ट्रियल, जर्मनी और ऑस्ट्रिया में भी विरोध प्रदर्शन तेज हुए हैं। चार्ली चैपलिन द्वितीय का युद्ध खत्म करने को लेकर अपील का अंदाज हाथ में नो वार की तख्ती और गुलाब का फूल लेकर लोगों में उत्साह जगा रहे हैं।

## नितिन नवीन को भेंट की गई सचित्र रामकथा पुस्तक का विशेष प्रकाशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना के श्रीराम भक्तों, विभिन्न मंदिरों एवं अखाड़ों के बीच वितरण हेतु 'सचित्र रामकथा' पुस्तक का विशेष प्रकाशन किया गया। इस विशेष प्रकाशन में पुस्तक के अंत में रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के विगत 17 वर्षों के गौरवशाली इतिहास का संकलन किया गया है। साथ ही पटना के विभिन्न मंदिरों एवं अखाड़ों द्वारा श्रीराम चौक पर पहुंचने वाली भव्य शोभायात्रा में प्रस्तुत आकर्षक झांकियों के मनोहारी चित्रों को भी सुंदर ढंग से संजोया गया है। यह प्रकाशन रामभक्तों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा एवं सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होगा। इस पुस्तक के प्रकाशक गणेश खेतड़ीवाल ने समिति के संयोजक नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी से भेंट कर उन्हें पुस्तक की एक प्रति भेंट की। एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर शोभायात्रा समिति के आयोजन से जुड़े जगजीवन सिंह बबलू, राजेश जैन, गोपाल कृष्ण, मुकेश जैन, पवन भगत, सूजय सुलभ, रामलाल खेतान, अक्षय कुमार, आशीष आदर्श एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पौधारोपण हमारी संस्कृति बने : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने इंसुलिन, अश्वगंधा, बेल, सदाबहार, पिटूनिया, गुलाब, बोगनविलिया तथा कैक्टस सहित विभिन्न औषधीय एवं सजावटी पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित न होकर पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को विकसित करना एवं भावी शिक्षकों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जागृत करना था। प्रशिक्षुओं ने प्रत्येक पौधे के औषधीय, पर्यावरणीय एवं सामाजिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए यह संदेश दिया कि पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के स्वास्थ्य और संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश (सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी) ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। औषधीय एवं उपयोगी पौधों का रोपण मानव और प्रकृति के सह-अस्तित्व का प्रतीक है। यदि हम आज पौधों का संरक्षण करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकेंगे। इसलिए पौधा रोपण हमारी संस्कृति बनें' उन्होंने प्रशिक्षुओं को पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया तथा वर्टिकल प्लांटेशन जैसी आधुनिक तकनीकों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विजय प्रकाश, सचिव (वित्त) डॉ. नीरज सिन्हा, निदेशक (शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय) डॉ. मृदुला प्रकाश, प्राचार्य डॉ. पूनम वर्मा, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण की सक्रिय सहभागिता रही।

## राजद परिवार के नेताओं ने दी रामनवमी की बधाई व शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, संजय यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, शिवचंद्र राम, इसराइल मंसूरी, सुरेश पासवान, विधान पार्षद कारी मो. शोहैब, रिंकू यादव सहित राजद परिवार के नेताओं ने रामनवमी पर देशवासियों और बिहारवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## रामनवमी की पावन संध्या पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने जगाई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की लौ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा / वैशाली।** रामनवमी की पावन संध्या पर जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में भक्ति, भावना और प्रेरणा का अद्भुत संगम देखने को मिला जैसे ही संध्या की आरती का समय हुआ, पूरा संस्थान दीपों की रोशनी और 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। वातावरण इतना भावनात्मक था कि हर उपस्थित व्यक्ति के मन में नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार हो गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा की सबसे बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि ल्लजिस प्रकार भगवान राम ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना मार्ग नहीं छोड़ा, उसी प्रकार हमें भी जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कई छात्रों ने अपने संघर्षों और सपनों को साझा किया। किसी ने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद पढ़ाई जारी रखने की बात कही तो किसी ने अपने परिवार के सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया। इन सच्ची कहानियों ने माहौल को और भी भावुक बना दिया। संस्थान द्वारा यह संदेश दिया गया कि कैरियर मिशन केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि उन सपनों का मंच है जहां हर युवा को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। यहां शिक्षा के साथ आत्मविश्वास, अनुशासन और जीवन के मूल्यों को भी विकसित किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में राम के आदर्शों को अपनाते हुए एक बेहतर और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर कदम बढ़ाएंगे।

## ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई समिट 2026 में महिला नेतृत्व और नवप्रवर्तन को मिला बढ़ावा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई समिट 2026 के छठे संस्करण में नवप्रवर्तन, विज्ञान और उद्यमशीलता में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के विजन में महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। ब्रिक्स और साझीदार देशों में उद्यमशीलता, व्यापार और कारोबार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक गैर लाभकारी संगठन ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ने ब्रिक्स डब्लूबीए के सहयोग से विमेन इन इनोवेशन, साइंस लीडरशिप, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (वाइज) - इंस्पायरिंग चेंज, शेपिंग टुमारो, थीम पर तीन दिवसीय समिट का आयोजन किया।

# मगही भाषा-संस्कृति के संरक्षण को नई ऊर्जा देगा 'मगही महोत्सव'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्राचीन मगध की समृद्ध लोकभाषा, गहन साहित्य, जीवंत संस्कृति और मधुर संगीत को एक मंच पर लाकर नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से राजधानी पटना में 28 तथा 29 मार्च 2026 को 'मगही महोत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का स्थल बापू टावर, गर्दनीबाग निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति के संयोजक रविशंकर उपाध्याय, उज्ज्वल कुमार तथा विजेता चंदेल ने बताया कि पाटलिपुत्र की पावन भूमि पर आयोजित यह महोत्सव मगही भाषा के संवर्धन, संरक्षण तथा व्यापक प्रसार की दिशा में एक सार्थक और सशक्त पहल है। महोत्सव में विचार-विमर्श, परिचर्चाएं, लोकगायन, फोटो प्रदर्शनी, कवि सम्मेलन, फिल्म महोत्सव तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मगही की अनुपम परंपरा को युवा पीढ़ी के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। मगही फिल्म फेस्टिवल में 50 से अधिक लघु फिल्मों की इंट्री आई है। इनमें से तीन श्रेष्ठ फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा। दो दिवसीय मगही महोत्सव का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, आइएएस महेंद्र कुमार, पदम पुरस्कार से सम्मानित आनंद कुमार समेत मगह की कई नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। महोत्सव का शुभारंभ गया घराने की गायकी से होगा। पहले दिन का समापन चंदन तिवारी की मगही गीतों से होगा। दूसरे दिन की शुरुआत गया घराने की गायकी के इतिहास पर चर्चा के साथ होगी। महोत्सव की शुभारंभ प्रातः 10 बजे उद्घाटन सत्र से होगा। तत्पश्चात 10:15 से 11 बजे तक गया घराने के प्रख्यात गायकों द्वारा मगही संगीत की मधुर प्रस्तुति दी जाएगी। 11 बजे से 12 बजे तक 'मगही भाषा का उत्थानः चुनौतियां एवं समाधान' विषयक परिचर्चा आयोजित होगी जिसमें शिक्षा जगत तथा साहित्य के विद्वान अपने विचार रखेंगे।

## पटना और गया के बीच स्पेशल ट्रेन के परिचालन से यात्री हो रहे लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** दानापुर मंडल सदैव अपने यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखता है। इसी क्रम में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा पटना और गया के मध्य अतिरिक्त रेल सेवा उपलब्ध कराते हुए एक जोड़ी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 03611/03612 का परिचालन प्रारंभ किया गया है। यह पैसेंजर स्पेशल पटना और गया के मध्य सभी हाल्ट/स्टेशनों पर रूकती है। इस पैसेंजर स्पेशल में साधारण श्रेणी के 20 एवं एसएलआर के 02 कोच सहित टोटल 22 कोच हैं जिसमें शौचालय भी उपलब्ध है। इस रेल सेवा से अन्य यात्रियों के साथ ही दैनिक यात्री विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। इस ट्रेन को गाड़ी सं. 03612 गया-पटना स्पेशल के रूप में 24.03.2026 से 06.04.2026 तक प्रतिदिन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन गया से प्रातः 5.00 बजे खुलकर सभी हाल्ट/स्टेशनों पर रुकते हुए 8.00 बजे पटना पहुंचती है। इसी तरह वापसी में गाड़ी सं. 03611 पटना-गया स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है जो पटना से 17.15 बजे खुलकर सभी हाल्ट/स्टेशनों पर रुकते हुए 20.35 बजे गया पहुंचती है। इन ट्रेनों के परिचालन से दैनिक यात्रियों जिसमें सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, विद्यार्थी तथा अन्य संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं को विशेष राहत मिल रही है।

## संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल ने 16वां वर्षगांठ मनाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल ने अपनी 16वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई जिसमें अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों और उनके परिजनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया तथा सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की गई। संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुदीश कुमार ने इस मौके पर पिछले वर्षों की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि संस्थान ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य किया है। विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष अब तक 374 सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किडनी स्टोन एवं अन्य मूत्र रोग से पीड़ित मरीजों का पिछले एक वर्ष में सफलतापूर्वक लेजर द्वारा बिना चीर फार के सफल इलाज किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संजीवनी लाइफ केयर हॉस्पिटल बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की भदसारा शाखा, दुल्हिन बाजार का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की भदसारा शाखा, दुल्हिन बाजार का शुभारंभ किया गया। शाखा का उद्घाटन सुब्रत कुमार स्वाईं (महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नलिन कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र), संजय कुमार राय (उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र) सहित बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य तथा बिहार पुलिस से पालीगंज डीएसपी पंकज कुमार शर्मा एवं अन्य पुलिस कर्मी और बड़ी संख्या में ग्राहकगण उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचल प्रमुख ने बैंक ऑफ बड़ौदा पटना अंचल की 336वीं एवं पटना क्षेत्र की 59वीं शाखा को ग्राहकों को समर्पित किया एवं उन्हें आश्वस्त किया कि बैंक इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अनुरोध किया है कि वे बैंक से जुड़कर अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करें।

## मां वैष्णो देवी सेवा समिति ने किया नवरात्र पर भजन संध्या का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना के तत्वावधान में मां ब्लड सेंटर में शारदीय नवरात्र एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नवरात्र के चौथे दिन भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य कन्हैया अग्रवाल कन्नू ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष शारदीय एवं चैत्र नवरात्र के दौरान यह आयोजन किया जाता है जिसमें भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। भजन संध्या में पटना की सुप्रसिद्ध भजन गायिका एवं गायक करिश्मा शर्मा, कोमल देवड़ा, संध्या टेकरीवाल, शुभम शर्मा, रेखा मोहिनी बंसल एवं अर्चना टिबरेवाल ने एक से बढ़कर एक माता के भजनों की प्रस्तुति दी जिससे उपस्थित भक्तगण मंत्रमुग्ध हो गए। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं जैसे श्री



“ मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। ”

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
सत्यमेव जयते

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

“ पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है। ”

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**




## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

**टोल-फ्री नंबर**

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए ‘अस्मी’ से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0010/2526

# मुख्यमंत्री ने नालंदा को दी 810 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात








राजीव कुमार वर्मा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ-रांची रोड के भरावपर में 84.61 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित फ्लाईओवर (1620 मी0) का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने इस फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहारशरीफवासियों की बहुत पहले से मांग थी जो आज पूरी हो गयी। इसके निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और यहां की यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री कोसुक ग्राम स्थित कोसुक रिवर फ्रंट कार्य स्थल पर पहुंचे एवं पंचाने नदी में पक्का सुरक्षात्मक कार्य एवं रिवर फ्रंट विकास कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोसुक से सिपाह पुल के बीच में पंचाने नदी के तट विकास एवं पक्का सुरक्षात्मक कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने पंचाने सिंचाई योजना का पुनर्स्थापन कार्य, ग्राम लारी, मकनपुर प्रखंड-नूरसराय से ग्राम धनौली तक अधियारा नदी का तल की सफाई एवं नया आर०सी०सी० एंटी फ्लड स्लुईस गेट का निर्माण कार्य, सरमेरा प्रखंड अंतर्गत गोपालवाद जमींदारी बांध एवं धनाबॉडी जमींदारी बांध का पुनर्स्थापन कार्य, जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय के अधीन बाढ़ नियंत्रण एवं कटाव निरोधी कार्य, राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड परिसर का विकास कार्य, बरगाही आहर-पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य, नूरसराय के संगत के पास हो रहे जलजमाव के निवारण हेतु कार्य, ईको टूरिज्म के दृष्टिकोण से राजगीर क्षेत्र में अवस्थित ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण तथा जयप्रकाश उद्यान तथा वेणुवन पार्क, घोड़ा कटोरा आदि के विकास कार्य, डायनासोर पार्क सहित जिले में अन्य क्रियान्वित योजनाओं तथा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित की गई योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी काम तेज गति से पूर्ण करें। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ नगर निगम अवस्थित दीपनगर स्टेडियम में बने कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर नालंदा जिले के लिए 316 करोड़ रुपये की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन एवं 494 करोड़ रुपये की लागत से 106 योजनाओं का शिलान्यास किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन कार्य से जुड़े हुए विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 17811 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 393.50 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं से काफी तरक्की कर रही हैं। हमारा परिवार आगे बढ़ रहा है। आपकी कृपा से हमलोग खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग ऐसे ही काम करते रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हरसंभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना, समग्र गव्य विकास योजना सहित अन्य योजना के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही खेल विभाग, ऊर्जा विभाग, शिक्षा विभाग, गृह विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के विकास कार्यों से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया और उसकी सराहना की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग अच्छे से काम करें और बिहार को देश के पांच अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल कराने के लिए एकजुट होकर काम करें। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री सह नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक डॉ० सुनील कुमार, विधायक रुहेल रंजन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० बी० राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा, नालंदा जिला के जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नालंदा कॉलेज बना वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन शुरू करने वाला जिले का प्रथम महाविद्यालय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा कॉलेज ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत नालंदा जिले का पहला अंगीभूत कॉलेज बन गया है जिसने भारत सरकार की 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' (ओएनओएस) योजना को सफलतापूर्वक लागू किया है। शैक्षणिक बुनियादी ढांचे में यह बड़ा सुधार क्षेत्र के भीतर शोध और अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। यह पहल कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा के दूरदर्शी मार्गदर्शन और



नोडल अधिकारी डॉ. सर्वदमन कश्यप (सहायक प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग) के नेतृत्व में शुरू की गई है। ज्ञान की दूरियों को कम करने की पहल केंद्र सरकार की 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना एक क्रांतिकारी कदम है, जिसके माध्यम से छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों को दुनिया के 30 प्रमुख प्रकाशकों के 13,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं-जर्नल्स तक निःशुल्क पहुंच प्राप्त होगी। व्यक्तिगत सब्सक्रिप्शन की भारी लागत को समाप्त कर नालंदा कॉलेज ने अब अपने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रीमियम संस्थानों के समकक्ष खड़ा कर दिया है। प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने कहा कि हमारा लक्ष्य नालंदा कॉलेज को उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विकसित करना है। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तहत जिले में ओएनओएस अपनाने वाला पहला कॉलेज बनकर हमने अपने छात्रों और संकाय सदस्यों को विश्व स्तरीय संसाधनों से लैस किया है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 और विकसित भारत @ 2047 के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नालंदा कॉलेज में ओएनओएस योजना शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पीपीयू के सीनेट सदस्य एवं बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि इससे देशभर के 1.8 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के साथ अब नालंदा कॉलेज परिवार को भी मुफ्त डिजिटल पहुंच मिलेगी।

## कस्तूरबा विद्यालय कौआकोल में 10 अप्रैल तक होंगे नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल**। शिक्षा विभाग द्वारा विशेष नामांकन अभियान के तहत चलाये जा रहे प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत कौआकोल प्रखण्ड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 10 अप्रैल तक नामांकन लिया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए वार्डन साधना सिंह ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए 11 से 14 वर्ष तक के पांचवीं कक्षा पास छात्राओं के नामांकन हेतु आवेदन विद्यालय कार्यालय में लिया जा रहा है।

## रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट, दंगा निरोधक दल ने किया मॉक ड्रिल



**बिहारशरीफ**। रामनवमी पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक के भारत सोनी के निर्देशानुसार पुलिस केंद्र नालंदा में दंगा निरोधक दल द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य संभावित सांप्रदायिक तनाव या भीड़ नियंत्रण की स्थिति में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करना था। अभ्यास के दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों के उपयोग, भीड़ को नियंत्रित करने के तरीकों तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उपायों का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास से जवानों की कार्यकुशलता बढ़ती है और वास्तविक परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है। रामनवमी जैसे बड़े पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मॉक ड्रिल के दौरान संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे, जिन्होंने अनुशासन और समन्वय के साथ अभ्यास को सफल बनाया।

## अस्पताल प्रबंधन लापरवाही प्रकरण में जांच टीम पहुंची सदर अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। नवादा नगर के केंदुआ स्थित धर्मशीला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मुश्किलें बढ़ने वाली है क्योंकि प्रदेश के पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद हॉस्पिटल की लापरवाही और बदनीयती के कारण अपने पुत्र अखिलेश कुमार की मौत के बाद आरोपित लोगों को कोई रियायत देने के मूड में नहीं हैं। इस संबंध में पूर्व मंत्री के आवेदन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित जांच टीम की जांच बुधवार को पूरी नहीं होने के कारण गुरुवार को सभी आरोपियों को सदर अस्पताल नवादा बुलाया गया जहां दोनों पक्ष के लोगों से बातचीत की गई। इस दौरान सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए और स्व अखिलेश यादव समेत उन तमाम




पीड़ित परिवारों को न्याय देने की मांग की जो धर्मशिला देवी हॉस्पिटल के शोषण दोहन के शिकार हुए हैं। जांच दल के बुलावे पर हॉस्पिटल के प्रबंधक समेत अखिलेश कुमार के इलाज में लगे चिकित्सकों की हाजिरी हुई जहां गहन पूछताछ का सिलसिला देर तक चला। मौके पर पुत्र शोक से पीड़ित सदर विधायक विभा देवी एवं एमएलसी अशोक कुमार भी उपस्थित रहे और जांच दल को पूरे घटना क्रम से अवगत कराया। जांच के बाद आरोपियों के बाहर निकलते ही उपस्थित भीड़ ने हत्यारा चिकित्सकों को गिरफ्तार करने और हॉस्पिटल को शील करने की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। उपस्थित लोगों ने बताया कि धर्मशिला देवी हॉस्पिटल मौत का कारखाना बन गया है जहां मरीजों और अभिभावकों का दोहन शोषण किया जाता है। लोगों ने यह भी बताया कि इस हॉस्पिटल के संचालक साइबर क्राइम का गैंगस्टर भी है जिसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। कुछ वर्ष पहले जो मध्यम वर्ग के परिवार से आते थे आज अकूत संपति के मालिक बने हुए हैं जिसके पीछे किसी बड़े गोरखधंधे की आशंका होती है। इनलोगों ने हॉस्पिटल के संचालक की संपत्ति और इनकम के स्रोत की भी जांच की मांग की है।

## नावाडीह गांव में हाथियों का तांडव, गेहूं की फसल बर्बाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जंगली और पहाड़ी क्षेत्रों से सटे गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बुधवार की रात्रि नावाडीह गांव से सामने आया है,जहां दो दर्जन से अधिक हाथियों के एक विशाल झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरते हुए हजारों रुपये मूल्य की गेहूं की लहलहाती फसल को पूरी तरह रौंद कर नष्ट कर दिया है। प्रभावित किसान सुरेश चंद्रा, कारू यादव, लूटन यादव, जयप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, उर्मिला देवी और विशेशर यादव आदि ने बताया कि बुधवार की रात अचानक हाथियों के झुंड ने खेतों में धावा बोल दिया।



लगभग पांच बीघा से अधिक क्षेत्रफल में लगी गेहूं की फसल को हाथियों ने पैरों तले कुचल दिया। किसानों का कहना है कि उनकी साल भर की मेहनत और जमा पूंजी इस फसल में लगी थी,जो अब मिट्टी में मिल चुकी है। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। हाथियों के लगातार हो रहे मूवमेंट से नावाडीह और आसपास के गांवों के ग्रामीण गहरे डर और दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से हाथियों को खदेड़ने या सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं,जिससे उनकी जान-माल का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी ने प्रभावित किसानों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। उन्होंने जिला प्रशासन और वन विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि अविलंब स्थल निरीक्षण कर फसल क्षति का सही आकलन किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीड़ित किसान गरीब हैं, इसलिए उन्हें सरकार की ओर से उचित मुआवजा राशि जल्द से जल्द प्रदान की जाए ताकि वे इस आर्थिक संकट से उबर सकें।

## महिला पुलिसकर्मी की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी की सतर्कता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना उस समय की है जब मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा के तहत नालंदा कॉलेज से सड़क मार्ग होते हुए भराव पर फ्लाईओवर के उद्घाटन के लिए जा रहे थे।

जैसे ही मुख्यमंत्री का काफिला भैंसासुर देवी रांची रोड स्थित देवी स्थान के समीप पहुंचा, उसी दौरान एक छोटी बच्ची अचानक सड़क पार करने लगी। इस बीच काफिले के साथ चल रही एक एम्बुलेंस तेज गति से वहां से गुजर रही थी और बच्ची उसके काफी करीब पहुंच चुकी थी। स्थिति बेहद गंभीर हो गई थी और एक बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई थी। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात एक महिला पुलिसकर्मी ने तत्परता




दिखाते हुए दौड़ लगाई और बच्ची को तुरंत अपनी ओर खींच लिया। उनकी इस फुर्ती और साहसिक कदम से बच्ची एम्बुलेंस की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और महिला पुलिसकर्मी की बहादुरी की जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर पुलिसकर्मी ने समय रहते यह कदम नहीं उठाया होता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने महिला पुलिसकर्मी के इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें बधाई दी और उनके साहस को सलाम किया।

## सूखे नशे के खिलाफ जागरुकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। एस.यू. कॉलेज, हिलसा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा संचालित साप्ताहिक सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम के चौथे दिन सूखा नशा के खिलाफ व्यापक जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अर्जुन टोला, मई हिलसा में रैली निकालकर लोगों को नशा मुक्ति और मद्य निषेध के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. पिंकी कुमारी ने संयुक्त रूप से की। इसके बाद स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर से अर्जुन टोला तक पैदल मार्च निकाला। रैली के दौरान नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसे नारों से पूरे क्षेत्र को जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को सूखा नशा जैसे खैनी, तंबाकू, सिगरेट, गुटखा और गांजा के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही समाज में फैल रही इस गंभीर समस्या के प्रति सजग रहने की अपील की। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में मद्य निषेध लागू होने के बावजूद सूखा नशा तेजी से फैल रहा है, जो विशेष रूप से युवाओं और बच्चों के लिए घातक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि तंबाकू और गुटखा जैसे नशे धीरे-धीरे व्यक्ति के





स्वास्थ्य और भविष्य दोनों को नष्ट कर देते हैं।एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने कहा कि नशा मुक्ति केवल कानून से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनजागरुकता और सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से इस अभियान में सहयोग करने कि अपील किये।

## जोरावरडीह विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरावरडीह के प्रांगण में गुरुवार को महान मौर्य सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरिसूदन कुमार ने की। समारोह की शुरुआत सम्राट अशोक के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने महान शासक के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। मौके पर मौजूद विद्यालय के वरीय शिक्षक जयप्रकाश मेहता उर्फ जेपी सर ने बच्चों को सम्राट अशोक के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक ने विश्व को शांति और अहिंसा का मार्ग दिखाया। कलिंग युद्ध के बाद उनके हृदय परिवर्तन और लोक कल्याणकारी कार्यों की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। भारत के राष्ट्रीय प्रतीक और अशोक चक्र उन्हीं की महान विरासत का हिस्सा हैं। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अरिसूदन कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। मौके पर शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## विद्यालय में स्वागत-सह-सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नरहट ( नवादा )** । गुरुवार को नरहट प्रखंड के मध्य विद्यालय रामपुर मे राज्यस्तरीय चित्रांकान प्रतियोगिता में तृतीय स्थान उपलब्धि हेतु स्वागतम्-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।राजकीय मध्य विद्यालय रामपुर के सातवीं कक्षा के छात्रा कुमारी अनुष्का ने जिला स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत 22 मार्च 2026 को बिहार दिवस के शुभ अवसर पर पटना में आयोजित नवादा जिला से राज्य सत्रीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान लाकर विद्यालय, प्रखंड एवं जिला का नाम रौशन की। इस उपलक्ष्य में गुरुवार को मध्य विद्यालय रामपुर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का मुख्य अतिथि नरहट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निशांत प्रियदर्शी के द्वारा सम्मानित किया।इस सम्मानित कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा महत्वपूर्ण बाते कही जिसमें उन्होंने महिला उत्थान एवं छात्रों के विद्यालय में बढ़ोतरी को बताया अभिवावकों को मोबाइल के सीमित इस्तेमाल के बारे में बताया साथ ही विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा पे जोर दिया। इस कार्यक्रम के मौके पर प्रधानाध्यापक नागमणि प्रसाद, विशिष्ट शिक्षक महबूब आलम, रंजीत कुमार, सत्येंद्र कुमार एवं विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर चला वाहन चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर सघन जांच की जा रही है।

इस अभियान के तहत दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई। खास तौर पर बिना हेलमेट चलने वाले बाइक सवारों, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे लोगों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। कई वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया और उन्हें



सख्त हिदायत दी गई कि वे नियमों का पालन करें।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना से बचने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में मनाया जा सके।

## तौसीफ ने उर्दू वाद-विवाद में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल**। नवादा समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना के अंतर्गत आयोजित जिलास्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में कौआकोल के छात्र ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इंटर विद्यालय कौआकोल के छात्र तौसीफ अशरफ ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। तौसीफ की इस सफलता पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। गुरुवार को छात्र के विद्यालय लौटने पर कौआकोल इंटर विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां शिक्षकों




और सहपाठियों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने तौसीफ को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि तौसीफ की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच की आवश्यकता है। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे। सभी ने तौसीफ के भाषाई कौशल और तर्क क्षमता की प्रशंसा की। तौसीफ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया है।

# भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा और त्याग का अनुपम उदाहरण : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** आजाद पार्क में श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित भव्य शोभा यात्रा में डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं और आम जनमानस को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं तथा शोभा यात्रा की भव्यता और गरिमा की सराहना की। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा और त्याग का अनुपम उदाहरण है। रामनवमी का पर्व सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज में सद्भाव, भाईचारा और शांति बनाए रखने में ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने आगे कहा कि गया की पावन धरती सदैव से आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रही है जहां इस प्रकार के आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक और गणमान्य लोग शामिल हुए। पूरा वातावरण जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा, जिससे भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## अवैध कोयला भंडारण और परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बाराचट्टी थाना क्षेत्र में अवैध कोयला भंडारण और परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। 24 मार्च की रात जिलाधिकारी गया के निर्देश पर खनन विभाग, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने चेटिया व भलूआ गांव में छापेमारी की। जांच में विभिन्न स्थानों पर भारी मात्रा में अवैध कोयला मिला जिसका कोई वैध कागजात या परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं किया गया। करीब 13,500 घनफीट कोयला जब्त किया गया। कार्रवाई में 5 हाइवा-लोडर मशीनें, 7 ट्रक-ट्रेलर और अन्य वाहन जब्त हुए जबकि चालक फरार हो गए। बैनरों के आधार पर आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर 25 मार्च की देर रात तक चले अभियान में लगभग 1.5 करोड़ रुपये का दंड लगाया गया। मामले में एमएमडीआर अधिनियम 1957, बिहार खनिज नियमावली 2024 और भारतीय दंड संहिता की धाराएं लागू की गईं। प्रशासन ने शून्य सहनशीलता नीति दोहराई।

## हार्वर्ड में गया की बेटी का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए गया की बेटी पल्लवी चौहान का चयन अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में हुआ है। इस छात्रा को हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रतिष्ठित एमबीए और हार्वर्ड कैनेडी स्कूल के मास्टर इन पब्लिक पॉलिसी प्रोग्राम एमपीपी में प्रवेश मिला है। विश्व के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में शामिल हार्वर्ड विश्वविद्यालय में चयन होना अत्यंत गौरव की बात मानी जाती है। पल्लवी, मोहड़ा प्रखंड के जेठियन गांव की रहने वाली है। इनके पिता अजय कुमार सिंह झारखंड के गिरिडीह जिला स्थित सरिया अंचल में पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। पल्लवी ने डीपीएस धनबाद से मैट्रिक, डीपीएस आर के पुरम नई दिल्ली से प्लस टू और हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन इकोनॉमिक्स पास की है। वर्तमान में पल्लवी, अबू धाबी, दुबई स्थित टोनी ब्लेयर कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में भी गर्व और खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पल्लवी व इसके पिता श्री सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## पूर्व विधायक चितरंजन कुमार को संजय सरावगी और प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अरवल।** संजय सरावगी ने अरवल पहुंच कर पूर्व विधायक चितरंजन कुमार की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। मोथा स्थित रॉयल रिजॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन व कार्यों को याद किया। इस दौरान बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए संजय सरावगी ने कहा कि चितरंजन कुमार का जीवन जनसेवा और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि उनके जनसरोकार से जुड़े कार्य और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका स्नेह कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके लिए कार्यकर्ता और क्षेत्र की जनता हमेशा सर्वोपरि रही। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया जो उन्हें एक आदर्श जनप्रतिनिधि बनाता है। संजय सरावगी ने इस अवसर पर दिवंगत नेता की धर्मपत्नी कुमारी प्रियंका सहित उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस कठिन समय में धैर्य रखने का संबल दिया। कार्यक्रम में अरवल विधायक मनोज कुमार, कुर्था विधायक पप्पू वर्मा, परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। दौरे के क्रम में संजय सरावगी अरवल जिले के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री नंद किशोर यादव के आवास भी पहुंचे जहां उन्होंने तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि नंद किशोर यादव का संगठन के प्रति समर्पण और सेवा भाव सदैव याद रखा जाएगा। इससे पूर्व पटना से अरवल जाने के दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने संजय सरावगी का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह स्नेह, विश्वास और समर्थन ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है, जो पार्टी को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

## डॉ. प्रेम कुमार ने सम्राट अशोक की जयंती पर दीं शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सम्राट अशोक की जयंती अशोक अष्टमी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और मगध साम्राज्य की गौरवगाथा को याद किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि मगध की पावन भूमि पाटलिपुत्र में जन्मे सम्राट अशोक ने अपनी शक्ति से अखंड भारत को एक सूत्र में पिरोया, लेकिन कलिंग युद्ध के भीषण नरसंहार से व्यथित होकर उन्होंने तलवार त्यागकर गौतम बुद्ध के करुणा और अहिंसा के मार्ग को अपनाया। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के शिलालेखों की शाश्वत वाणी आज भी भारत की आत्मा में गूंजती है। उनके काल की धरोहर अशोक चक्र आज राष्ट्रध्वज की शान है, जबकि अशोक स्तंभ राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में उनकी अमरता का प्रतीक बना हुआ है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सम्राट अशोक के धम्म, करुणा और सहिष्णुता के आदर्श हमें सशक्त, समरस और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देते रहेंगे।

## रामनवमी पर गया में आस्था और उत्साह का संगम, श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** रामनवमी के अवसर पर गया जी में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। शहर के विभिन्न मोहल्लों और क्षेत्रों से हजारों की संख्या में राम भक्त भव्य जुलूस में शामिल हुए। 'जय श्री राम' के जयघोष से पूरा शहर गुंजायमान रहा और श्रद्धालु भगवान श्रीराम के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट करते हुए आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विशेष व्यवस्था की गई। जीबी रोड स्थित केदारनाथ मार्केट के पास, विजय लड्डू के समीप एक सेवा शिविर लगाया गया जहां श्रद्धालुओं के बीच शरबत, पानी, फल एवं चना का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य जुलूस में शामिल राम भक्तों को राहत पहुंचाना और उन्हें प्रसाद के रूप में शीतल पेय एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना था। सेवा कार्य का शुभारंभ भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि राम भक्तों की सेवा करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सेवा, त्याग और मर्यादा का संदेश देता है और उन्हीं के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज की सेवा करना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। इस सेवा कार्य में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह, सुनील बंबइया, सारिका वर्मा, हीरा यादव, राजू प्रसाद, राकेश कुमार, संजू देवी, शर्मिला देवी, आशा देवी, बिंदु वाला सिंह, किरण देवी, सुलेखा देवी, मंजू कुमार और बबलू गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## गया में दिखी आस्था, सेवा और समर्पण की अद्भुत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया (महाचक)।** गया जिले के महाचक गांव में इस वर्ष का चैत्र नवरात्र आस्था, श्रद्धा और सामाजिक सेवा का एक विराट संगम बनकर उभर रहा है। गोल इंस्टीच्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह के सान्निध्य में आयोजित श्री सतचंडी महायज्ञ ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। यज्ञ स्थल पर हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। 'जय माता दी' के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस भव्य आयोजन की खास बात यह भी है कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी देखने को मिल रही है। मंत्रीगण, वरिष्ठ आइएएस-आइपीएस अधिकारी, प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं समाज के गणमान्य लोग भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ा रहे हैं।

गोल इंस्टीच्यूट और लायन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से हजारों लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही गोल द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और करियर मार्गदर्शन जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिससे यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम बन गया है। इस पावन महायज्ञ का समापन कल रामनवमी के शुभ अवसर पर होगा जिसके उपलक्ष्य में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा महाचक से प्रारंभ होकर उपथू होते हुए सिद्ध शिवाला तक जाएगी। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण भी है।

## दो घरों से लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के तुतुरखी गांव में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने दो सगे भाइयों के घरों में चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। पीड़ित परिवारों ने गुरुवार को स्थानीय थाना में आवेदन देकर लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तुतुरखी गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह एवं उनके भाई सत्येंद्र सिंह के घर में चोर छत के रास्ते प्रवेश कर गए। इसके बाद दोनों घरों में बारी-बारी से कमरे खंगालते हुए गहने, कपड़े और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। मुकेश कुमार सिंह द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार चोरों ने कई जोड़ी अंगूठी, नथुनी, मंगलसूत्र सहित अन्य कीमती आभूषण एवं लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये नगद की चोरी कर ली। घटना को अंजाम देने के बाद चोर घर के बाहर से कुंडी लगाकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद पाया। इसके बाद दूरभाष के माध्यम से आसपास के लोगों को बुलाया गया और गेट खुलवाया गया। अंदर सामान बिखरा देख चोरी की घटना का पता चला। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## कोंच में पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार का दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का गुरुवार को पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सड़क दुर्घटना एवं अन्य घटनाओं में मृत लोगों के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। दौरमा गांव में सड़क दुर्घटना में मृत श्रवण पासवान के परिजनों से मिलकर उन्होंने बीडीओ विपुल भारद्वाज को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद काजी बीघा में सड़क हादसे में मृत मोहम्मद महमूद कुरैशी और प्यारे हसन के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा श्रम विभाग से मिलने वाली दो लाख रुपये की सहायता राशि जल्द दिलाने की बात कही। जहाना गांव में काजूद्दीन के पिता के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने के बाद वे गौहरपुर पहुंचे जहां दो दिन पूर्व नाली विवाद में हुई धर्मेंद्र गिरी की हत्या के मामले में परिजनों से मिले।

## शहीद राम नंदन शर्मा स्मृति समारोह समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी डाक बंगला परिसर में शहीद राम नंदन शर्मा स्मृति समारोह आयोजन समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रो. मुद्रिका प्रसाद नायक ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 29 मार्च 2026 (रविवार) को डाक बंगला परिसर में प्रातः 11 बजे से शहीद राम नंदन शर्मा स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीकांत शर्मा, राम लखन भगत, बंटी यादव, गुड्डू शर्मा उर्फ नरेंद्र शर्मा, महेंद्र दास, नाथुन पासवान एवं मोहन राम सहित दर्जनों लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की।

### कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा
(zilaparisad.garhwa@gmail.com)

**संशोधित आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–1857 दिनांक–25.03.2026 के द्वारा रामनवमी के अवसर पर दिनांक–27.03.2026 (शुक्रवार) को अवकाश घोषित किया गया है। उक्त के आलोक में दिनांक–27.03.2026 (शुक्रवार) को वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए नावघाट बंदोबस्ती हेतु खुली डाक द्वारा निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए नावघाट बंदोबस्ती की अगली तिथि दिनांक–06.04.2026 दिन–सोमवार को समय–12:30 बजे अपराह्न में निर्धारित की जाती है। अन्य सूचना यथावत् रहेगी। पूर्व में निर्गत आम सूचना PR375241 Rural Development (2025–26)_D है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 376090 Rural Development(25-26).D

## अरहर की फसल में लगी भीषण आग, दर्जनों किसानों की फसल जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** काज पंचायत के इटवा गांव में बृहस्पतिवार दोपहर अचानक अरहर (राहड़) की फसल में भीषण आग लग जिसे कई किसानों तैयार फसल जलकर राख हो गया। किसानों ने बताया कि सुबह फसल काटकर खेत में रखी गई थी और दोपहर तक उसे घर लाने की तैयारी थी, तभी अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण फसल को बचाया नहीं जा सका। इस हादसे में इश्वरी भुइयां, अरुण कुमार, विनोद पासवान, बसंती देवी, शंकर भुइयां, लालू प्रसाद, अमरेंद्र कुमार, बीरेंद्र प्रसाद समेत कई अन्य किसानों की तैयार फसल जलकर राख हो गई।

## मगध सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** मगध सम्राट अशोक की जयंती कांग्रेस पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने गयाजी के स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में मनाई गई। सर्वप्रथम सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जयंती कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, विपिन बिहारी सिन्हा, टिंकू गिरी, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, विनोद बनारसी, अमरजीत कुमार, अशोक राम, राहुल चंद्रवंशी, रूपेश चौधरी आदि ने कहा कि महान अशोक के नाम से प्रसिद्ध लगभग 268 ईशा पूर्व से अपनी मृत्यु तक मगध के सम्राट और मौर्य वंश के तीसरे शासक थे। उनका साम्राज्य भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े हिस्से में फैला हुआ था जो पश्चिम में वर्तमान अफगानिस्तान से लेकर पूर्व में बांग्लादेश तक था जिसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी।

### शपथ पत्र

मैं प्रदीप साव पुत्र-राजन साव, निवासी- ग्राम- अचुकी, पो.-ओ.-अंगरा, थाना-आंती, जिला-गया, शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं मेरा असली नाम प्रदीप साव पुत्र राजन साव है, जो मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में दर्ज है।
मेरा नाम माधुरी साव पुत्र राजनंदन साव भी है जो मेरे वोटर आईडी कार्ड और पीएनबी रफीगंज शाखा, औरंगाबाद के मेरे बैंक खाते की पासबुक में दर्ज है। प्रदीप साव पुत्र राजन साव और माधुरी साव पुत्र राजनंदन साव एक ही व्यक्ति हैं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 3240 दिनांक 24.03.26

शपथकर्ता
प्रदीप साव

### पूर्व मध्य रेल
**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. **ई. निविदा सं.** : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–09–25–26, **कार्यों के नाम** : इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) "–धनबाद डिविजन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गोमोह–कोडरमा खंड (रेलवे किलोमीटर 300.15 से 393.68 के बीच) और पूर्वी मध्य रेलवे के डीडीयू डिविजन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गया– सोन नगर खंड (रेलवे किलोमीटर 475.200 से 542.075 के बीच) में 32.5 टन एक्सल लोड के लिए गिट्टी और पी.वे सामग्री की आपूर्ति, जिसमें पटरी बिछाने और जोड़ने का काम और अन्य विविध कार्य शामिल हैं, तथा सोन नगर–अंडाल परियोजना की तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण के संबंध में गया में उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी/निर्माण/गया के अधीन विभिन्न पी. वे सामग्री की आपूर्ति।, **अंकलित मूल्य (रु)** : 8,05,91,77,677.00, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.)** : 0.00, **अग्रधन राशि (रू.)** : 2,00,00,000.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 365 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 02.06.2026 at 15.30 बजे। ऐसी ई– निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट:**http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि–पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/1987/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/कन्स्ट्र./टी/25–26/56

### पूर्व मध्य रेल
**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–75 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

1. निविदा सं.–38–डीडीयू–मं. इंजी.–मुख्यालय–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन – सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 और 8 एवं डीडीयू स्टेशन पर स्टेशन नाली पर पथ का निर्माण और डीडीयू में एसबीआई के पीछे पार्किंग क्षेत्र (मुख्य स्टेशन भवन के पूर्व की ओर) में सुधार, कार्य का अनुमानित लागतः ₹5,05,03,325.54, धरोहर राशि : ₹10,10,100/–

2. निविदा सं.–39–डीडीयू–मं. इंजी.–मुख्यालय–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में मानस नगर कॉलोनी में ट्रिपल स्टोरी टाइप–।। (190 यूनिट) क्वाटरों में सामान्य मरम्मत, पेंटिंग, डिस्टेंपरिग और पाइप लाइन सेनेटरी और दरवाजे, खिड़कियां आदि की मरम्मत के साथ–साथ अन्य सहायक कार्य। कार्य का अनुमानित लागतः ₹1,62,00,577.33, धरोहर राशि : ₹3,24,100/–

3. निविदा सं.–40–डीडीयू–मं. इंजी.–मुख्यालय–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में एफओबी से मौजूदा शेड तक कनेक्शन के साथ प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 पर खुली जगह पर प्लेटफार्म शेड का विस्तार और डीडीयू स्टेशन पर वीआईपी पार्किंग साइड और पीएफ 7/8 पर लिफ्ट (03 नंबर) का प्रावधान। कार्य का अनुमानित लागतः ₹3,45,38,466.58, धरोहर राशि : ₹6,90,800/–

ई– निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 20.04.2026 को 12:00 बजे तक। बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1999/डीडीयू/अभि./टी/25–26/56

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 29/2025–26 दिनांक– 25.03.2026**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.04.2026 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 09.04.2026 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 09.04.2026 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत बेन्दी में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लेधपा में 55 मी0 अतिरिक्त चाहरदीवार निर्माण (भाग–02)। | 397760/- | 8000/- | 750/- | 02 (Two) Month |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत बालूभांग में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बालूभांग में पहुँच पथ का निर्माण। | 1240600/- | 25000/- | 2500/- | 02 (Two) Month |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत बारियातु में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बारियातु में पहुँच पथ का निर्माण। | 320200/- | 6500/- | 750/- | 01 (One) Month |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत शिबला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मकरा में पहुँच पथ का निर्माण। | 122700/- | 2500/- | 500/- | 01 (One) Month |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत अमरवाडीह में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मनातू में पहुँच पथ का निर्माण। | 122100/- | 2500/- | 500/- | 01 (One) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

PR 376076 (Building) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार।

संपादकीय

## निशांत को नीतीश बनाने की जुगत!

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की औपचारिक विदाई के पहले उनके पुत्र और अब तक राजनीति से दूर रहे निशांत कुमार को जिस ढंग से पार्टी का नेतृत्व करने के लिए तैयार किया जा रहा है, वह वैसा ही है कि जैसे किसी कठिन प्रतियोगी परीक्षा पास करने के लिए किया जाता है। नीतीश के राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद यह तय है कि राज्य की कमान अब भाजपा के हाथ में जाने वाली है और सत्ता में भागीदार जद यू की भरसक कोशिश है कि वो डिप्टी सीएम के दोनो पद हथिया ले। इनमें से एक उपमुख्यमंत्री निशांत कुमार का बनना भी तय है। हालांकि उन्हें कौन सा विभाग मिलेगा, यह भी तय होना बाकी है। हाल में उनको जद यू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की भी चर्चा थी, लेकिन फिर नीतीश को ही दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी चुना गया। नीतीश का बिहार से जाना निश्चित होने के बाद जद यू में परिवारवाद का राज्याभिषेक एक पूर्व लिखित स्क्रिप्ट की माफिक हो रहा है। पहले निशांत का जद यू में प्रवेश कराया गया। फिर कल तक लालू के परिवारवाद पर चोट करने वाले नीतीश ने अपने बेटे को सफल होने का आशीर्वाद दिया। जद यू भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए यह संकेत भी लगातार दे रही है कि उसकी राजनीतिक लाइन अलग है। यानी वह मध्यमार्ग ही अपनाएगी। निशांत मंदिर और मस्जिद दोनो जगह मत्था टेकेंगे। हाल में ईदुल फितर पर गांधी मैदान पर होने वाली ईद की नमाज में मुस्लिम भाइयों को बधाई देने के लिए नीतीश की जगह निशांत को भेजा गया ताकि लोगों में अलग संदेश जा सके। कोशिश यही है कि निशांत की छवि अति पिछड़ा वर्ग के साथ-साथ अल्पसंख्यकों में भी सकारात्मक बने। दरअसल राजनीति में हथौड़े की कितनी चोट मारनी है, ये मायने नहीं रखता, लेकिन कहां मारनी है, यही सबसे बड़ा अनुभव होता है। सीएम नीतीश कुमार की राजनीति में अनुभव की बिल्कुल ऐसी ही झलक देखने को मिलती रही है। उन्होंने सत्ता में बने रहने मंत्र सिद्ध कर लिया था। लिहाजा हर मामले में निशांत को इस तरह प्रोजेक्ट किया जा रहा है कि बिहार के अगले मुख्यमंत्री वही होने वाले हैं। दूसरी भाजपा राज्य में अपनी कट्टर हिंदुत्व की लाइन पर आगे बढ़ रही है, और यह किसी भाजपा नेता के सीएम बनने पर और गहरी होगी। भाजपा ने तय कर लिया है कि उसे मुसलमानों के वोट नहीं चाहिए। लेकिन अगर जद यू गैर भाजपा दलों और खासकर राजद के वोटों में सेंध लगा सकती है तो खुशी से लगाए। वैसे बिल्ली के भाग से जैसे निशांत का छींका टूटा है, वैसी किस्मत कम ही लोगों की होती है। यहां असल सवाल यह है कि लाख उन्हें ट्रेनिंग दी जाए, चाल चलन और अदाएं सिखाई जाएं, लेकिन क्या वो अपने पिता की तरह सफल राजनीतिज्ञ भी साबित होंगे? निशांत कुमार बेशक एक ऐसे पिता के बेटे हैं, जिनके पास राजनीति का विशाल अनुभव है। लेकिन निशांत कुमार सियासत में अभी एक कोरे कागज वाली किताब के जैसे हैं, जिसने लाइब्रेरी में अभी जगह बनाई ही है। उनके पास राजनीति का कोई अनुभव नहीं है। क्योंकि वो न तो जद यू या किसी पार्टी के सांगठनिक ढांचे का हिस्सा रहे और न ही कभी कोई चुनाव लड़ा। ऐसे में निशांत का सामना खुर्राट नेताओं (चाहे पक्ष हो या विपक्ष) से होना तय है। ऐसे में पार्टी के वरिष्ठ नेता ही निशांत को सिखाएंगे कि सरकार कैसे चलाई जाती है। निशांत इन सबके अलावा राजनीतिक दांव पेंच कितने और कब तक सीख पाएंगे, यह देखने की बात है।

# धर्म बदलते ही खत्म होगा एससी दर्जा...

**भारत के सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने सामाजिक न्याय की पूरी बहस को फिर से गरमा दिया है। अदालत ने साफ कहा कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी और धर्म में जाने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत खो देता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के पुराने आदेश को बरकरार रखते हुए आया, जिसमें गुंटूर जिले के चिंतादा आनंद नाम के एक पादरी की याचिका खारिज की गई थी। चिंतादा आनंद ने कुछ लोगों पर जातिगत गाली-गलौज और हमले का आरोप लगाते हुए एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून के तहत मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन आरोपियों ने कहा कि वह तो दशक से ज्यादा समय से ईसाई धर्म अपनाकर पादरी का काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें अब वह संरक्षण नहीं मिल सकता। हाईकोर्ट ने इस दलील को माना और अब सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ ने भी वही रुख अपनाया।**

अजय कुमार

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि अपीलकर्ता के ईसाई बनने और सक्रिय रूप से प्रार्थनाएं कराने के सबूत साफ हैं, इसलिए एससी का दर्जा खत्म माना जाएगा।यह फैसला कोई नया कानून नहीं बनाता, बल्कि 1950 के संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश की धारा 3 को दोहराता है। उस आदेश में लिखा है कि अनुसूचित जाति का दर्जा सिर्फ उन लोगों को मिलता है जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म मानते हैं। कोई अन्य धर्म अपनाने पर जन्म से मिला यह हक स्वतः खत्म हो जाता है। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि यह प्रतिबंध पूर्ण है, इसमें कोई छूट या अपवाद नहीं। चाहे व्यक्ति का जन्म किसी भी दलित परिवार में हुआ हो, अगर वह ईसाई या मुस्लिम बन जाता है तो वह अब अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रहता। ईसाई धर्म में जाति की कोई व्यवस्था नहीं मानी जाती, इसलिए जातिगत अत्याचार का कानून भी उस पर लागू नहीं होता। चिंतादा आनंद गांव में घर-घर रविवार की प्रार्थनाएं कराते थे, पादरी के रूप में काम करते थे। कोर्ट ने इन तथ्यों को देखते हुए कहा कि घटना के समय वह ईसाई धर्म का पालन कर रहे थे, इसलिए एससी-एसटी एक्ट के तहत शिकायत का आधार ही नहीं बनता।

इस फैसले की गहराई समझने के लिए हमें संविधान की मूल भावना को याद करना होगा। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और संविधान सभा ने अनुसूचित जाति को विशेष दर्जा इसलिए दिया क्योंकि हिंदू समाज में सदियों से छुआछूत और अस्पृश्यता का भयानक अन्याय चला था। यह दर्जा ऐतिहासिक दमन की याद दिलाता है, न कि किसी व्यक्तिगत पसंद का। 1950 का आदेश शुरू में सिर्फ हिंदुओं के लिए था। बाद में सिखों को 1956 में और बौद्धों को 1990 में शामिल किया गया क्योंकि इन धर्मों में भी जातीय संरचना बनी रही। लेकिन इस्लाम और ईसाई धर्म खुद को जातिविहीन बताते हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई इनमें चला जाता है तो ऐतिहासिक पीड़ा का आधार भी खत्म हो जाता है। इसलिए आरक्षण, सरकारी नौकरियां, शिक्षा में सीटें, छात्रवृत्तियां और कानूनी सुरक्षा जैसे लाभ अब



नहीं मिल सकते।फैसले के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या इससे धर्मांतरण रुकेगा? अनुच्छेद 25 के तहत धर्म बदलना हर भारतीय का मौलिक अधिकार है। कोई भी व्यक्ति अपनी आस्था बदल सकता है, प्रचार कर सकता है। लेकिन क्या यह अधिकार राज्य द्वारा दिए गए आरक्षण जैसे लाभों पर भी लागू होता है? सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया नहीं। लाभ उस धर्म में झेली गई पीड़ा से जुड़े हैं, न कि व्यक्ति की नई आस्था से। अगर कोई दलित ईसाई बनकर भी पुराना एससी सर्टिफिकेट दिखाकर फायदा उठाता रहे तो असली हिंदू दलितों का हक छिन जाएगा। कोटा सीमित है, संसाधन सीमित हैं। नई आबादी जुड़ने से मौजूदा लाभार्थियों का हिस्सा कम हो जाएगा। राजनीति में भी असर पड़ेगा। आरक्षित सीटों पर उम्मीदवारों का चरित्र बदल सकता है। जो लोग धर्म बदलकर लाभ लेते रहे, उनके लिए अब रास्ता बंद हो गया। लेकिन यह मुद्दा इतना सरल भी नहीं है। लंबे समय से एक बड़ा विवाद चल रहा है क्या ईसाई और मुस्लिम दलितों को भी अनुसूचित जाति का दर्जा देना चाहिए? 2007 में रंगनाथ मिश्रा आयोग ने सिफारिश की थी कि सभी धर्मों के दलितों को आरक्षण मिले क्योंकि सामाजिक पिछड़ापन धर्म बदलने से नहीं मिटता। लेकिन केंद्र सरकार ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। सरकार का कहना था कि आयोग ने बिना जमीनी अध्ययन के सिफारिश कर दी। अब पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन की अध्यक्षता में नया आयोग इस पूरे मसले पर गहराई से विचार कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट में भी कई याचिकाएं लंबित हैं। इस फैसले ने उस बहस को और तेज कर दिया है। फिलहाल कोर्ट ने कहा कि बदलाव अगर करना है तो संसद करे, अदालत नहीं। 1950 का आदेश अभी पूरी तरह लागू है।सामाजिक रूप से देखें तो धर्मांतरण अक्सर बेहतर जीवन की तलाश में होता है। कई दलित परिवार सोचते हैं कि हिंदू समाज में मिलने वाला अपमान ईसाई या मुस्लिम बनकर कम हो जाएगा। लेकिन हकीकत में कई जगहों पर जाति की छाया उन नए धर्मों में भी दिखती है। फिर भी कानून साफ है। अगर कोई व्यक्ति वापस हिंदू हो जाता है और उसका समुदाय उसे स्वीकार कर लेता है तो दर्जा बहाल हो सकता है। लेकिन एक साथ दो धर्मों का पालन करके एससी का दावा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने इस मामले में सबूतों पर जोर दिया। अगर कोई पादरी का काम कर रहा है, प्रार्थनाएं आयोजित कर रहा है तो वह ईसाई ही माना जाएगा। चिंतादा आनंद के मामले में यही हुआ।

आरक्षण का मकसद सामाजिक समानता लाना है, न कि धर्म बदलने को बढ़ावा देना। अगर बदलने से भी लाभ मिलते रहें तो मूल उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। सरकारी नौकरियों, विधानसभाओं और लोकसभा में सीटें उन लोगों के लिए आरक्षित हैं जिन्होंने हिंदू समाज में दमन झेला। ईसाई या मुस्लिम बनकर वे अब उस दमन की श्रेणी से बाहर हो जाते हैं। हालांकि वे ओबीसी या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में शामिल हो सकते हैं अगर उनका समुदाय सूची में है, लेकिन एससी का विशेष दर्जा नहीं मिलेगा। यह फैसला उन लोगों के लिए भी चेतावनी है जो धर्मांतरण को सिर्फ फायदे का साधन बनाते हैं। सच्चा परिवर्तन आस्था से होना चाहिए, आरक्षण के लालच से नहीं।देश की एकता के नजरिए से भी यह फैसला अहम है। भारत विविधताओं का देश है, लेकिन संविधान ने सामाजिक न्याय को कुछ धर्मों तक सीमित रखा है। अगर हर धर्म को एससी दर्जा दे दिया जाए तो पूरी आरक्षण व्यवस्था चरमरा सकती है। कोटा बढ़ाने से पहले आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण जरूरी है। सरकार ने यही रुख अपनाया है। नया आयोग इसी दिशा में काम कर रहा है। फैसले से दलित समाज में दो धड़ों में बंटाव हो सकता है एक वे जो हिंदू रहकर संघर्ष कर रहे हैं, दूसरे वे जो धर्म बदल चुके हैं। लेकिन कोर्ट ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। कोई भी व्यक्ति दो श्रेणियों का लाभ एक साथ नहीं ले सकता।

इस फैसले ने एक बार फिर साबित किया कि संविधान सर्वोच्च है। अदालत न भावनाओं से प्रभावित होती है, न राजनीतिक दबाव से। उसने 1950 के आदेश को दोहराया और कहा कि यह पूर्ण प्रतिबंध है। अब अगर बदलाव करना है तो संसद करे। चिंतादा आनंद की याचिका खारिज होने से उनका मुकदमा भी प्रभावित होगा। लेकिन इससे बड़े सवाल पर बहस शुरू हो गई है क्या सामाजिक पिछड़ापन धर्म से ऊपर है? जवाब अभी लंबित है, लेकिन फिलहाल संविधान की मूल भावना जीत गई।भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय की राह हमेशा कठिन रही है।

एक तरफ आरक्षण जरूरी है पिछड़ेपन को मिटाने के लिए, दूसरी तरफ इसके दुरुपयोग को रोकना भी उतना ही जरूरी। इस फैसले ने दुरुपयोग की एक बड़ी खिड़की बंद कर दी। अब जरूरत है कि सरकार और समाज मिलकर उन दलितों की मदद करें जो बिना धर्म बदले संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की योजनाएं और मजबूत हों। जातिगत भेदभाव पर सख्ती बढ़े। तभी सच्चा बदलाव आएगा।सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सिर्फ कानूनी नहीं, नैतिक भी है। यह कहता है कि संविधान की रक्षा करो, उसकी भावना को मत तोड़ो। धर्म परिवर्तन व्यक्तिगत आस्था का मामला है, लेकिन राज्य के लाभ संवैधानिक सीमाओं में बंधे रहेंगे। यह फैसला देश को याद दिलाता है कि न्याय की राह पर चलते हुए संतुलन बनाए रखना होगा न तो धर्म की आड़ में लाभ लूटने दो, न ही असली दलितों का हक किसी को छीनने दो। सामाजिक न्याय की यह लड़ाई अभी जारी रहेगी, लेकिन संविधान की दीवार मजबूत बनी रहेगी।

अध्यात्म

## जीवन की छुपी सम्पदा

एक सुबह, अभी सूरज भी निकला नहीं था और एक मांझी नदी के किनारे पहुंच गया था। उसका पैर किसी चीज से टकरा गया, झुक कर उसने देखा, पत्थरों से भरा हुआ एक झोला पड़ा था।

उसने अपना जाल किनारे पर रख दिया, वह सुबह सूरज के उगने की प्रतीक्षा करने लगा। सूरज उग आए, वह अपना जाल फेंके और मछलियां पकड़े।

वह जो झोला उसे पड़ा हुआ मिल गया था, जिसमें पत्थर थे, वह एक-एक पत्थर निकाल कर शांत नदी में फेंकने लगा ।सुबह के सन्नाटे में उन पत्थरों के गिरनेकी छपाक की आवाज सुनता, फिर दूसरा पत्थर फेंकता । धीरे-धीरे सुबह का सूरज निकला, रोशनी हुई। तब तक उसने झोले के सारे पत्थर फेंक दिए थे, सिर्फ एक पत्थर उसके हाथ में रह गया था।

सूरज की रोशनी में देखते से ही जैसे उसके हृदय की धड़कन बंद हो गई, सांस रुक गई। उसने जिन्हें पत्थर समझ कर फेंक दिया था, वे हीरे-जवाहरात थे! लेकिन अब तो अंतिम हाथ में बचा था टुकड़ा और वह पूरे झोले को फेंक चुका था।

वह रोने लगा, चिल्लाने लगा। इतनी संपदा उसे मिल गई थी कि अनंत जन्मों के लिए काफी थी, लेकिन अंधेरे में, अनजान, अपरिचित, उसने उस सारी संपदा को पत्थर समझ कर फेंक दिया था ।लेकिन फिर भी वह मछुआ सौभाग्यशाली था क्योंकि अंतिम पत्थर फेंकने के पहले सूरज निकल आया था और उसे दिखाई पड़ गया था कि उसके हाथ में हीरा है।

साधारणतः सभी लोग इतने सौभाग्यशाली नहीं होते हैं। जिंदगी बीत जाती है, सूरज नहीं निकलता, सुबह नहीं होती, रोशनी नहीं आती और सारे जीवन के हीरे हम पत्थर समझ कर फेंक चुके होते हैं।

जीवन एक बड़ी संपदा है, लेकिन आदमी सिवाय उसे फेंकने और गंवाने के कुछ भी नहीं करता है! जीवन क्या है, यह भी पता नहीं चल पाता और हम उसे फेंक देते हैं! जीवन में क्या छिपा था - कौन से राज, कौन सा रहस्य, कौन सा स्वर्ग, कौन सा आनंद, कौन सी मुक्ति - उस सबका कोई भी अनुभव नहीं हो पाता और जीवन हमारे हाथ से रिक्त हो जाता है! ज्ञान रूपी प्रकाश किसी को मिल जाता है तो शेष जीवन तो संवर ही जाता है।

# 'धर्म बदला तो जाति का हक़ भी गया?' : ताज़ा निर्णय पर बहस



डॉ . अमित कुमार

**इतिहास में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाकर लाखों दलितों को प्रेरित किया। उनका मानना था कि धर्म परिवर्तन से सम्मानजनक जीवन की राह खुल सकती है। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा ही समाप्त हो जाए, तो यह अंबेडकर की दृष्टि से अलग प्रतीत होता है। आँकड़े भी यही संकेत देते हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 2020 की रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति समुदायों में गरीबी का स्तर 31% है। ऑक्सफैम इंडिया की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि दलितों को शिक्षा और रोजगार में गंभीर असमानताओं का सामना करना पड़ता है। ईसाई और मुस्लिम दलितों पर किए गए सर्वेक्षणों में भी यही पाया गया कि उन्हें सामाजिक भेदभाव और आर्थिक वंचना से मुक्ति नहीं मिली है। विद्वानों की राय भी इस मुद्दे पर विभाजित है। गेल ओम्वेट का कहना है कि धर्म परिवर्तन से दलितों की स्थिति नहीं बदलती, क्योंकि जाति भारतीय समाज की गहरी संरचना है। कंवल भारती मानते हैं कि धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों को आरक्षण से वंचित करना सामाजिक न्याय की अवधारणा को कमजोर करता है। वहीं कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि न्यायालय का निर्णय संविधान की व्याख्या के अनुरूप है, लेकिन सामाजिक वास्तविकताओं से टकराता है।**

24 मार्च 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने एक अहम फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति (स्ट) का दर्जा केवल हिन्दू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायियों को ही प्राप्त हो सकता है। यदि कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म अपनाता है, तो उसे अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूर्ण रूप से खोना पड़ेगा।

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 की धारा 3 में यही प्रावधान है, और न्यायालय ने इसे संविधान की मूल भावना के अनुरूप बताया। लेकिन सवाल यह है कि क्या धर्म परिवर्तन करने से जाति-आधारित भेदभाव समाप्त हो जाता है? समाजशास्त्रियों के अध्ययन और नेशनल कमीशन फॉर माइनॉरिटीज की रिपोर्टें बताती हैं कि ईसाई और मुस्लिम समुदायों में भी जाति-आधारित पहचान और भेदभाव मौजूद है।

इतिहास में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाकर लाखों दलितों को प्रेरित किया। उनका मानना था कि धर्म परिवर्तन से सम्मानजनक जीवन की राह खुल सकती है। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा ही समाप्त हो जाए, तो यह अंबेडकर की दृष्टि से अलग प्रतीत होता है।

आँकड़े भी यही संकेत देते हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 2020 की रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति समुदायों में गरीबी का स्तर 31% है। ऑक्सफैम इंडिया की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि दलितों को शिक्षा और रोजगार में गंभीर असमानताओं का सामना करना पड़ता है। ईसाई और मुस्लिम दलितों पर किए गए सर्वेक्षणों में भी यही पाया गया कि उन्हें सामाजिक भेदभाव और आर्थिक वंचना से मुक्ति नहीं मिली है।

विद्वानों की राय भी इस मुद्दे पर विभाजित है। गेल ओम्वेट का कहना है कि धर्म परिवर्तन से दलितों की स्थिति नहीं बदलती, क्योंकि जाति भारतीय समाज की गहरी संरचना है। कंवल भारती मानते हैं कि धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों को आरक्षण से वंचित करना सामाजिक न्याय की अवधारणा को कमजोर करता है। वहीं कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि न्यायालय का निर्णय संविधान की व्याख्या के अनुरूप है, लेकिन सामाजिक वास्तविकताओं से टकराता है।

केरल और तमिलनाडु के ईसाई दलितों ने बार-बार यह तर्क दिया है कि वे भी उसी सामाजिक भेदभाव का सामना करते हैं जो हिन्दू दलितों को करना पड़ता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुस्लिम दलितों ने भी शिक्षा और रोजगार में समान अवसर न मिलने की शिकायत की है।

इसलिए आलोचना का केंद्र न्यायालय नहीं, बल्कि वह सामाजिक संरचना है जो धर्म और जाति को एक-दूसरे से बाँधकर देखती है। यदि समाज में जाति का प्रभाव धर्म से परे जाकर भी मौजूद है, तो फिर आरक्षण और सामाजिक सुरक्षा को धर्म की सीमाओं में क्यों बाँधा जाए?

संभावित समाधान यही हो सकता है कि अनुसूचित जाति की परिभाषा को धर्म से अलग कर केवल सामाजिक और आर्थिक वंचना के आधार पर तय किया जाए। धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों को भी वही अधिकार दिए जाएँ जो हिन्दू, सिख और बौद्ध धर्मावलंबियों को प्राप्त हैं। सामाजिक न्याय की नीतियों को अधिक समावेशी बनाया जाए।

निष्कर्षतः, सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय संविधान की व्याख्या पर आधारित है, लेकिन इससे सामाजिक न्याय की व्यापक अवधारणा पर नए प्रश्न खड़े हुए हैं। अब यह बहस समाज और नीति-निर्माताओं के सामने है कि अनुसूचित जाति का दर्जा धर्म से जुड़ा रहना चाहिए या इसे सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर पुनर्परिभाषित किया जाना चाहिए। ( लेखक बीडी कॉलेज , पटना के हिन्दी विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं )

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। प्रेम सम्बन्धों को लेकर गलतफहमी हो सकती है।

**वृषभ**
धैर्य के साथ अपना दिन बितायें। पति-पत्नी रोमान्स का आनन्द लेंगे। धन को लेकर परेशानी हो सकती है। नकारात्मक खबर आपको मिल सकती है।

**मिथुन**
आपके आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा अनुबन्ध होने की सम्भावना है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बड़ा धन लाभ मिल सकता है।

**कर्क**
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। नयी सम्पत्ति आप खरीद सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**सिंह**
विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आशा के विपरीत काम होने से आप थोड़े परेशान रहेंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**कन्या**
अपनी दिनचर्या को संयमित रखें। मन में नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। सहकर्मियों के साथ अपने सम्बन्ध खराब न करें। छोटी-छोटी बातों पर आपा न खोयें।

**तुला**
मित्र के विवाह में सम्मिलित हो सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आज प्राथमिकता क्रम में सबसे ऊपर लाकर पूरा कर लें।

**वृश्चिक**
आपका मन वर्जित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। अधिक धन कमाने के चक्कर में गलतियाँ कर सकते हैं। वाहन सावधानीपूर्वक चलायें।

**धनु**
नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनायेंगे। बच्चों को पुरस्कार मिल सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति शानदार रहने वाली है।

**मकर**
नया काम शुरू करने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। व्यर्थ के झगड़े मोल न लें। किसी परिजन की सेहत खराब हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में कुछ असन्तोष हो सकता है।

**कुंभ**
नये लक्ष्य निर्धारित करने और उसकी योजना बनाने के लिये दिन बहुत शानदार है। बिगड़े हुये सम्बन्धों को सुधारने का अवसर मिलेगा।

**मीन**
आपके रूखे व्यवहार से लोग नाराज होंगे। फैशन और ग्लैमर संसार से जुड़े लोगों की समस्या होगी। यूरिन इन्फेक्शन जैसी समस्या हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन लोग घायल

**पालीगंज पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भड़भेसर गांव में आपसी विवाद में हुई मार पीट में तीन लोग घायल हो गए है। सभी घायलों का इलाज पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भड़भेसर गए निवासी जय शी शर्मा पिता महेंद्र शर्मा ने पालीगंज थाने में लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि मेरे भतीजा अमृत राज को जान मारने की नीयत से कृष्णमूररी पकड़कर ले जा रहा था ।जब हम बचाने के लिए दौड़े तो कृष्णमूररी एवं अन्य लोगों ने हाथ में लिए लोहे के रॉड से सर पर वार कर दिया। जिसमें मेरा भतीजा और पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता की ओर से लिखित आवेदन दिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

### महिला पर चाकू से किया हमला, 3 माह के बच्चे को जमीन पर पटका

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल पंचायत के पचपन पर गांव में बीते बुधवार की सुबह में एक विवाहिता पर चाकू से हमला कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के संदर्भ में जख्मी विवाहिता के भाई निरंजन कुमार पिता विश्वनाथ यादव गंगाचक मालिकाना ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दरअसल लिखे गए आवेदन के आलोक में लिखा है की प्रियंका कुमारी छठ पर्व को लेकर नदौल पचपन पर गई हुई थी जहां उसके पाटीदार अकेला देखकर चाकू से जानलेवा हमला किया जहां पैर में गंभीर रूप से जख्मी हो गई है वही उसके गोद में तीन माह का बच्चा को भी जमीन पर पटक दिया है, इस मामले में तनिश कुमार पिता अजय यादव के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### आंख जांच शिविर में किया गया चश्मा वितरण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को किता चौहत्तर मध्य पंचायत अंतर्गत हाथी टोला गांव में सामाजिक कार्यकताओं व मुखिया लालकिशोर सिंह की ओर से मुफ्त आंख जांच शिविर एवं मुफ्त चश्मा वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान हाथी टोला, धजवा टोला, मुंजी टोला समेत कई गांव की के लोग पहुँचकर मुफ्त में आंख जांच कराकर मुफ्त में चश्मा पाया। डॉक्टर के द्वारा करीब 500 से ज्यादा लोगों का मुफ्त में आंख जांच करते हुए चश्मा और परामर्श दी गई। वहीं मुखिया लालकिशोर सिंह ने बताया कि समाजसेवी संस्थान की ओर से यह कार्यक्रम की गई है। जिससे सभी लोगों को जागरुक करते हुए आंख की सुरक्षा के बारे में बताया गया। इसके अलावा लोगों का मुफ्त में आंख जांच कर चश्मा दी गई।





### संपत्ति हड़पने की नीयत से मारपीट छिनतई जान से मारने की धमकी का आरोप, तीन नामजद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के इशरचक गांव में एक महिला निर्मला देवी पति सुभाष यादव विग्रहपुर पटना निवासी ने मसौढी थाने में आवेदन देकर तीन लोगों के खिलाफ नामजद आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर करवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि हम सभी लोग पटना में रहते हैं लेकिन इशरचक हमारा मायके है और भाई के नहीं रहने के कारण खेती-बाडी संपत्ति का देखभाल हम करते हैं और खेती-बाड़ी करते हैं लेकिन हमारे बगल के पड़ोसी संपत्ति हड़पना चाहता है और बराबर झगड़ा झंझट करता है, ऐसे में बीते शाम को जब हम मसूरी का दौनी कर रहे थे तो संजू चौहान पिता स्व जगदीश चौहान और उसके दोनों बेटे गोरख चौहान ऋषि चौहान,संजू चौहान की पत्नी और उसकी बेटी के साथ आए और गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिए, इस दौरान मंगलसूत्र चेन भी छीन लिए और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है और कहां है यहां से भाग जाओ,बहरहाल पुलिस दिए गए आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल में जुटी है।

### 500 लीटर जावा महुआ किया नष्ट, 60 लीटर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुरुवार को लहसुना पुलिस ने लहसूना थाना क्षेत्र के बांसडीह मुसहरी में सघन छापेमारी की गई, जहां पर तकरीबन दो दर्जन से अधिक अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए 500 किलो जावा महुआ गुड घोल को नष्ट किया गया है वहीं एक घर से 60 लीटर का एक गैलानों में भरा हुआ देसी शराब को जप्त करते हुए एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारी में भुरा मांझी पिता सत्य रंजन मांझी बांसडीह का रहने वाला है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि छापेमारी के दौरान शराब बनाने वाले धंधेबाज भाग निकले हैं लेकिन उन सबों को चिन्हित करते हुए प्राथमिकी की जा रही है। दरअसल लहसूना थाना क्षेत्र में सभी मुसहरी में बड़े पैमाने पर अवैध शराब बनाने की लगातार सूचना मिल रही है जहां ताबड़तोड़ छापेमारी कर कार्रवाई की जा रही है।



### पुनपुन में रामनवमी को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में रामनवमी पर्व के मद्देनजर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में गुरुवार को पुनपुन बाजार में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करना पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।फ्लैग मार्च पुनपुन थाना से पुनपुन नगर पंचायत के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों और विभिन्न चौक-चौराहों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस बल ने बाइक से गश्त करते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया और शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।मार्च के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।उन्होंने लोगों को किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। पर्व को देखते हुए नगर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



### आठ दिवसीय रासलीला कार्यक्रम के अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का हुआ मंचन,उमडी भीड़

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी मैदान मसौढी में आयोजित भव्य रासलीला महोत्सव के आठवें और आखिरी दिन वृन्दावन से पधारें कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण जी का गोपियों के संग रास, राधा-कृष्ण जी की सगाई, अक्रूर के साथ श्रीकृष्ण-बलराम जी का वृन्दावन से मथुरा पहुंचना, कंस के धोबी का वध, शिव धनुष का भंजन, कुब्जा पर कृपा, कुबलयापीड हाथी का वध, मल्लू युद्ध में पहले कंस के पहलवानों को मौत के घाट उतारना फिर अंत में भगवान श्रीकृष्ण के हाथों अत्याचारी कंस का वध और वसुदेव देवकी का कारावास से मुक्ति आदि अनेक लीलाओं का मंचन किए गए। आठ दिनों तक चले रासलीला महोत्सव में भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होते रहे और राधा-कृष्ण जी तथा परम भागवत भक्तों के दिव्य भावपूर्ण प्रस्तुतियों जिसमें अद्भुत प्रेम, भक्ति और समर्पण का संदेश छिपे थे देखकर बहुत आनंदित हुए। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष डा रामजयपाल सिंह, सचिव अनील कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अनील कुमार मिट्ठू, मंच संचालक विश्वरंजन, डॉ सुधीर भाई, डॉ राखी रानी, ई. शंभू सिंह, डॉ सीताराम सिंह, बालेश्वर शर्मा, डॉ डी के मिश्रा, डॉ भाष्कर कुमार, संजीव सिंह, आदित्य कुमार, अनीता कुमारी, उमेश कुमार, पीयूष कुमार, अमृत आनन्द, सहित अन्य कई वोल्युन्टीयर्स तथा भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित हुए।

# बच्चों लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच फायरिंग और पथराव

## आधा दर्जन लोग घायल, दो दर्जन गिरफ्तार





**मनेर/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मनेर थाना क्षेत्र के खासपुर पंचायत स्थित छितनावा गांव में बच्चों के विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्ष के बीच शुरू हुई कहासुनी अचानक देखते ही देखते उग्र हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से जमकर गोलीबारी और रोड़ेबाजी हुई। इस हिंसक झड़प के कारण पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने मौके से 4 से 5 राउंड फायरिंग होने की आधिकारिक पुष्टि की है। इसके अलावा दो दर्जन गिरफ्तारी साथ ही दो देसी कट्टा, करीब पांच खोखा और एक कारतूस बरामद की भी पुष्टि की है। बताया जाता है कि विवाद इतना बढ़ गया था कि दोनों ओर से ईंट-पत्थर बरसने लगे। करीब आधे घंटे तक चले इस पथराव और गोलीबारी में महिला-पुरुष समेत आधा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कई लोगों के सिर फूट गए हैं और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं। घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ कुछ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मनेर थाना की पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुँची। हालांकि उपद्रवियों का दुस्साहस इतना था कि वे पुलिस की मौजूदगी में भी एक-दूसरे पर पत्थरबाजी करते हुए फायरिंग की। हालत को अनियंत्रित होता देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और मौके से दो दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर उपद्रव के मुख्य कारणों और हथियारों के स्रोत का पता लगा रही है। इधर मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। लेकिन गांव में तनाव को देखते हुए शांति बहाल के लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। अब तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। लेकिन पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर अन्य दोषियों की पहचान की जा रही है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि दो दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से दो देसी कट्टा, 5 खोखा, 1 कारतूस जब्त की गई है।

# रेलवे गुमटी के पास पानी से भरा टैंकर में लगे टैंकर पलटी सड़क जाम



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी रेलवे दक्षिणी गुमटी के पास गुरुवार की सुबह पानी से भरा हुआ टैंकर जिसे ट्रैक्टर लेकर जा रही थी, जो गुमटी के पास अचानक पलटी खा गई, जिसे टैंकर का सारा पानी गिरने लगा ट्रैक्टर का पलटी खाने से तकरीबन 1 घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बन गई, हालांकि गनीमत रहा की रेलवे परिचालन बाधित नहीं हुई, क्योंकि उस वक्त बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गुजरने वाली थी, लेकिन समय रहते रेल पुलिस ने टैंकर को रेलवे ट्रैक और गुमटी से थोड़ी दूर कर दिया गया, उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से टैंकर का पानी गिराते हुए उसे उठाया गया, हालांकि इस दौरान घंटों जाम की स्थिति बन गई और यातायात बाधित हो गई। दरअसल बताया जा रहा है कि रेलवे गुमटी के पास में एक बड़ा सा गड्ढा बन गया है आए दिन बड़े-बड़े ट्रकों के परिचालन के कारण वहां पर लगातार गड्ढे बनते जा रहे हैं जिसके कारण न केवल छोटे वाहन बल्कि बड़े वाहन भी उसे गड्ढे में फंस जा रहे हैं, उसी को लेकर गुरुवार को पानी से भरा टैंकर इस गड्ढे में जाने से पलटी खा गई, स्थानीय लोगों ने मांग किया है कि मसौढ़ी मालिकाना रेलवे लाइन वाली जो सड़क है जो पुरानी बाईपास से जाती हैं बड़े वाहनों की परिचालन पर रोक लगाई जाए ,इसे तकरीबन 5 मोहल्ले प्रभावित हो रहे हैं और आए दिन रेलवे गुमटी के पास में जाम की स्थिति बन रही है।

# रामनवमी जुलूस को लेकर पालीगंज में फ्लैग मार्च, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

## उपद्रव करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा : थानाध्यक्ष



**पालीगंज (पटना)। /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी पर्व के अवसर पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गुरुवार को पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने पुलिस बल के साथ नगर बाजार में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च पालीगंज थाना परिसर से प्रारंभ होकर नगर बाजार के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए जुलूस मार्गो का भ्रमण किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस जवानों ने आम लोगों से शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी का पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम थे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि रामनवमी जुलूस के नाम पर समाज में विद्वेष फैलाने या जुलूस एवं पूजा के दौरान शरारत करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों को चिन्हित कर पुलिस उनपर कड़ी कार्रवाई करेगी । वहीं फ्लैग मार्च में शामिल अभया ब्रिगेड की पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी ने कहा कि जुलूस में शामिल होने वाली महिलाएं भी भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए रामजन्म उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। फ्लैग मार्च में एस आई दयानंद,एएसआई रोहितेश्वर कुमार, विद्यानंद यादव, मुकेश कुमार ,विजय रंजन, बद्रेआलम ,संतोष सहित दर्जनों पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

### आज 6 घंटे बाधित रहेगी बिजली, पानी भंडारण करने की अपील

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी जुलूस के दौरान कोई दुर्घटना न हो इसको लेकर बिजली विभाग अलर्ट है। विभाग द्वारा मसौढी शहर में करीब 6 घंटे तक शहर की बिजली बाधित रखी जाएगी। बिजली दोपहर 1 बजे से शाम करीब 7 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी कनिय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने दी है। साथ ही झंडा या अन्य ऊंचे ढांचे खड़ा करते समय बिजली के तारों और उपकरणों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी गई है। बिजली विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी वाहन की छत पर खड़े होकर ऊंचे झंडे या सामान नहीं ले जाएं। वहीं शोभायात्रा के दौरान समिति के वालंटियर्स को लगातार निगरानी रखने और किसी भी जोखिम की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है। आम जनता से अपील की गई है कि वे बिजली के तारों या उपकरणों को छूने या उनके संपर्क में आने से बचें।इसके अलावा, शोभायात्रा में बड़ी और ऊंची गाड़ियों के उपयोग पर रोक लगाई गई है तथा आयोजकों को मानक संचालन प्रक्रिया का पालन अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है।

# सखी सहायता डेस्क के जरिए छात्राओं के बीच स्वच्छता किट का वितरण



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान और शारीरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मसौढी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरांट में समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के लिए अधिष्ठापित सखी सहायता केंद्र के तत्वावधान में छात्राओं के बीच 'एडोलेसेंट किट' (किशोरी स्वच्छता किट) का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्या अनुपम कुमारी ने बताया कि वितरित की गई किट में मुख्य रूप से सैनिटरी पैड, हैंड सैनिटाइजर, एंटीसेप्टिक रुमाल व कॉटन आदि वस्तुएं शामिल है। सखी में सहायता केंद्र के प्रतिनिधि व शिक्षिका ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की पहल से छात्राओं में झिझक दूर होती है और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग होती हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी बताया।वहीं शिक्षिका ब्यूटी कुमारी ने बताया कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं के बीच यह किट वितरित की गई है, ताकि वे मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं से सुरक्षित रह सकें और बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता अपनाने की अपील की। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित, सहयोगी और संवेदनशील वातावरण में परामर्श व सहायता उपलब्ध कराना है। सखी सहायता डेस्क के माध्यम से छात्राएं किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं, मानसिक तनाव, पोषण की कमी और एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं पर बिना झिझक अपनी बात रख सकेंगी।

# आजादी के 79 वर्षों के बाद भी नहीं पहुंची सड़क, ग्रामीणों ने की सभा



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आजादी के 79 वर्षो के बाद भी अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय विशेष के गांव में एक सड़क नहीं पहुंची यह सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विफलता ही है।उक्त बातें गुरुवार को मनेर के इस्लामगंज में ग्रामीणों द्वारा आयोजित एक सभा में समाजसेवी दीपक कुमार यादव ने कही।सरकार 5 हजार की आबादी वाले गांव को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने की बात कहती है।लेकिन किता चौहत्तर मध्य पंचायत के यह गांव इस्लामगंज आज भी एक सड़क नाले के लिए तरस रहा है। सड़क के नहीं रहने से सबसे ज्यादा कठिनाई प्रसव या अन्य घटनाओं में घायल को अस्पताल लेकर जाने में होता है।बरसात के दिनों में कठिनाई और बढ़ जाती है। एक सड़क के नहीं रहने के कारण शिक्षा स्वास्थ्य एवं गांव का विकास सब अवरुद्ध होता है। वहीं ग्रामीण राजू साहनी ने बताया कहा कि इसलामगंज की सड़क के लिए मुख्यमंत्री की जनता दरबार से लेकर उपमुख्यमंत्री के जनता दरबार ,जिलापदाधिकारी, अनुमंडल, प्रखंड से लेकर स्थानीय सभी जनप्रतिनिधियों को भी लिखित आवेदन दिया लेकिन आश्वासन के सिवा सड़क निर्माण की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। राजधानी के इतने करीब शायद ही कोई प्रखंड होगा जो की सड़क से मुख्यालय से नहीं जुड़ा है।सभा को भाजपा नेता दिनेश यादव, कैप्टन बिनय सिंह, नागेंद यादव,अशोक कुमार, राजू साहनी,वार्ड सदस्य मोहम्मद सईद अंसारी, फैयाज आलम, संतोष कुमार साहनी, लाल बाबू भगत, शंकर साहनी ,बसंत साहनी, संजय साहनी, मोहम्मद महबूब आलम आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

### डिक्की मे रखे 3 लाख 75 हजार गायब, अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के डाकबंगला रोड स्थित एक किराना दुकान के ठीक सामने एक बाइक के डीक्की में रखें 3 लाख 75 हजार रुपए गायब हो गया है। इस मामले में पीड़ित व्यक्ति ने थाने में आज्ञात चोरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की आवेदन दिया है। पीडित व्यक्ति का नाम मनोज कुमार पिता राम जी प्रसाद सिंह इंदौ खनिया गांव का रहने वाला है। दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि गुरुवार की दोपहर भगवानगंज से मसौढी एसबीआई बैंक में दो चेक लेकर आए थे उसके बाद 3 लाख 75 हजार बैंक से लेकर अपने बाईक की डिक्की मे रखकर मसौढ़ी डाक बंगला रोड स्थित एक किराने की दुकान में सामान लेने गए थे और जब पुनः वापस आए तो देख की डिक्की खुला हुआ है छानबीन करने के बाद पता चला की चोरों द्वारा पैसा लेकर चंपत हो गया है। पीड़ित व्यक्ति मनोज कुमार ने बताया कि भगवानगंज से दो चेक में दो लाख 75 हजार और एक चेक ₹1 लाख का था हम अपनी बहन राधिका कुमारी जो भगवानगंज में सिएसपी चलाते हैं उनके साथ स्टेट बैंक में पैसा निकालने आए थे,बहरहाल आवेदन देने के बाद पुलिस हरकत में आई और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

# मसौढी जेल में जेलकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक






**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की तरफ से मसौढी उपकारा में जेल अधिकारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संवेदनशीलता शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण लॉ फाउंडेशन की टीम शुभेन्दु शेखर, संतोष कुमार, खालिद कुरैशी, गौरव राउत और दीक्षा सरकार द्वारा संचालित किया गया। शिविर का उद्देश्य जेल अधिकारियों के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना, मानसिक बीमारियों के मामलों की समय पर पहचान व रेफरल को प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम की शुरूआत सुपरिटेंडेंट विपिन कुमार और जेलर गौतम कुमार से औपचारिक मुलाकात के साथ हुई। टीम ने जेल की वर्तमान व्यवस्था, सुविधाओं और कैदियों की स्थिति का अवलोकन किया। गौरव राउत और दीक्षा सरकार ने सत्र की शुरूआत करते हुए बताया कि समय पर पहचान, परामर्श, पारिवारिक मुलाकातें, और कानूनी सहायता मानसिक रूप से बीमार कैदियों के पुनर्वास में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।इसके बाद जोहारी विंडो मॉडल पर आधारित समूह-चर्चा, ह्रबैलून प्रेशरह्र गतिविधि और एक मानसिक स्वास्थ्य बोर्ड गेम के माध्यम से अधिकारियों को संवेदनशीलता, सक्रिय सुनने की कला और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार के महत्व पर प्रशिक्षित किया गया।सत्र के बाद टीम ने मानसिक रूप से बीमार दो कैदियों से मुलाकात की और महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। महिलाओं तथा बच्चों से बातचीत की गई और आवश्यक कानूनी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। गौरतलब है की कार्यक्रम का मुख्य मानवीय, संवेदनशील और मानसिक स्वास्थ्य-अनुकूल जेल वातावरण का निर्माण करना

### मसौढी कोर्ट हॉल्ट पर युवती ने हाथ पर लिखा नाम पता उसके बाद ट्रेन के आगे कूद कर दे दी जान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक युवती ने कागज पर पहले अपना नाम पता लिखा उसके बाद जैसे ही ट्रेन आई ट्रेन के आगे कूद कर दे दी जान, यह मामला पटना गया रेल खंड के मसौढी कोर्ट हॉल्ट की है, जहां पर गुरुवार की शाम तकरीबन 6:00 बजे के आसपास पटना से चलकर गया जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही आई तो वह ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी ,उस वक्त मसौढी कोर्ट हॉल्क पर बैठे हुए प्रत्यक्ष दर्शियों ने कहा की लड़की काफी देर से प्लेटफार्म पर टिकट काउंटर के पास बैठी थी, हम लोगों को अंदाजा नहीं था कि वह लड़की सुसाइड करने आई है, वरना उसे पकड़ लेते।लेकिन जैसे ही ट्रेन आई और तो ट्रेन के पहीया के बीच में घुस गई जिससे कटकर उसकी जान चली गई है। उसके हाथ में जो कागज था उसमें गुड़िया कुमारी रामाधार शर्मा ,आकोपुर, पाईबिघा थाना, मखदुमपुर जहानाबाद लिखा हुआ था, शायद अपनी पहचान बताकर वह लड़की सुसाइड कर ली है मौके पर सूचना मिलती ही सबसे पहले डायल 112 की पुलिस पहुंचे उसके बाद तारेगना जीआरपी थाने की पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

### चोरी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के सुकठिया गांव में घर में चोरी करने के मामले में फरार आरोपी रणधीर कुमार पिता महेंद्र पासवान को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है, दरअसल यह मामला 19 जनवरी 2025 की है, जहां पर बड़ी पनपत्ति देवी पति स्वर्गीय हरेंद्र यादव ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, की नकाबपोश एक अपराधी मेरे घर में देर रात को घूस दरवाजा तोड़कर घुस आया और हमारे घर के सारे आभूषण चुराकर भाग रहा था, उसे दरमियान मुंह में लपेटे हुए कपड़े को जब पड़कर खींचे तो उसे लड़की की पहचान हुई जो रणधीर कुमार पिता सरयुग पासवान के रूप में हुई थी।

# कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**पटना//नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कार्यस्थल पर लैंगिक समानता और गरिमा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 26 मार्च 2026 को 'POSH अधिनियम, 2013 (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम)' विषय पर संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विधिक प्रावधानों, व्यावसायिक नैतिकता तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल सुनिश्चित करने की सामूहिक जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की आंतरिक समिति के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन सिंह, सचिव, सखी एनजीओ, बिहार ने अपने संबोधन में लैंगिक संवेदनशीलता, महिलाओं के अधिकारों तथा सुरक्षित एवं समावेशी कार्यस्थल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण एवं न्याय सुनिश्चित करने में जागरूकता और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कार्यस्थल पर सभी के साथ समानता और सम्मानजनक व्यवहार से पेश आना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि उत्पीड़न रोकने के लिए सभी को जागरूक रहना चाहिए और संस्थान को अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभानी चाहिए। डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रमुख, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग ने व्यावसायिक परिवेश में संवाद की सीमाओं को समझने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सम्मानजनक एवं प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए उचित सीमाओं एवं संवेदनशीलता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समन्वयन आंतरिक समिति की अध्यक्ष एवं प्रीसाइडिंग ऑफिसर डॉ. शिवानी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा POSH अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की समझ और कार्यस्थल की नैतिकता बनाए रखने में कर्मचारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया था। कार्यक्रम के दौरान ढडरळ अधिनियम के प्रावधानों, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा शिकायत दर्ज करने हेतु SHE-इड पोर्टल के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सत्रों में कार्यस्थल से जुड़े अधिकारों, कर्तव्यों एवं निवारक उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर, कृषि विज्ञान केन्द्र, रामगढ़ तथा कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, राँची के कर्मचारियों ने भी ऑनलाइन रूप से भाग लिया।

# घर से बुलाकर युवक की कर दी हत्या

## जिले में 48 घंटे के भीतर तीन लोगों की गोली मारकर की जा चुकी है हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र के रचियाही कचहरी टोल स्थित वार्ड 3 में बुधवार की रात्रि कुछ अपराधी ने युवक को घर से बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान स्वर्गीय गणेश महतो के 28 वर्षीय पुत्र मिंटू कुमार के रूप में की गई है। घटना के उपरांत दहशत का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार बीती रात कुछ अपराधी मिंटू कुमार को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को मकई के खेत में फेंक दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब परिजन मौके पर पहुंचे तो खेत से मिंटू का शव बरामद किया गया।परिजनों का आरोप है कि छोटू दीपक नामक व्यक्ति मिंटू को घर से बुलाकर 'मिस्टर' के दरवाजे पर ले गया। जहां उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने यह भी बताया कि इससे पहले मिंटू के भाई की भी अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस मामले में समझौता करने का लगातार दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन परिवार इसके लिए तैयार नहीं था। इसी पुरानी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि मिंटू कुमार आर्म्स एक्ट के एक मामले में पिछले छह महीने से जेल में बंद था और होली से दो दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। उसके खिलाफ थाने में कई मामले दर्ज हैं। प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। बता दें कि मिंटू के बड़े भाई सिंटू कुमार राय की भी चार साल पहले गोली मारकर ही हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही सिंघौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में सदर डीएसपी आनंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम परिजनों व स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। ज्ञात हो कि जिले में 48 घंटे के भीतर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या की जा चुकी है।

## वृद्धावस्था पेंशनधारियों का होगा जीवन प्रमाणीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण नहीं होने के कारण बंद हो जायगा पेंशन। ज्ञात हो की प्रखंड क्षेत्र में 3295 पेंशनधारी है। इसके लिए 31 मार्च तक समय निर्धारित किया गया है। बीडीओ राहुल रंजन ने इस आशय का पत्र जारी कर कहा है कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों का सत्यापन डोर टू डोर एवं बायोमेट्रिक विहित प्रपत्र में करना है। बीडीओ ने सभी पंचायत कार्यालय सहायक, डाटा इंट्री ऑपरेटर, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, विकास मित्र, जीविका दीदियों के अलावा सभी जनप्रतिनिधियों से इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है ताकि स समय जीवन प्रमाणीकरण, भौतिक सत्यापन हो सके। इससे मृत पेंशनधारी भी चिह्नित हो सकेंगे।

# चैती दुर्गा पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्रह्मस्थान परिसर में चैती दुर्गा मंदिर में वासंतिक नवरात्रा में स्थापित माता दुर्गा का पट खुलते ही माता का दर्शन करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लंबी कतारों में नजर आए। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है।वहीं भगवानपुर ब्रह्मस्थान एवं गेहूँनि में मेला का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, बच्चों के मनोरंजन के साधन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे ग्रामीणों और आसपास के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और सुविधा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेले और पूजा स्थल पर पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।कुल मिलाकर, भगवानपुर और गेहूँनि मेला में चैती दुर्गा पूजा और गेहूँनि मेला के आयोजन से पूरा इलाका भक्तिमय और उत्सवी माहौल में डूबा हुआ है।



# घरेलू गैस आपूर्ति की लगातार डीएम कर रहे निगरानी

## डिलीवरी प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा बैकलॉग को न्यूनतम स्तर पर लाने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** जिले में रसोई गैस एवं पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तेल विपणन कंपनियों की नियमित समीक्षा की जा रही है। बुधवार तक प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार जिले में कार्यरत प्रमुख कंपनियां आईओसीएल, बीपीसीएल, एवं एचपीसीएल द्वारा आपूर्ति एवं वितरण प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। बुधवार को कुल 58,723 बुकिंग लंबित हैं। जिसमें 11,779 एलपीजी सिलेंडरों की सफल डिलीवरी सुनिश्चित की गई। जो आपूर्ति प्रणाली की सक्रियता को दर्शाता है।स्टॉक की स्थिति भी संतोषजनक पाई गई है। वर्तमान में कंपनियों के पास कुल 20,498 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है।



जिससे मांग के अनुरूप आपूर्ति बनाए रखने में सहूलियत हो रही है। आईओसीएल गैस एजेंसी 40 वितरकों के साथ औसत दैनिक डिलीवरी 8,455 कर रही है। बीपीसीएल 15 वितरकों के माध्यम से औसतन 3,805 सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही है। जबकि एचपीसीएल 12 वितरकों के साथ औसतन 1,806 सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित कर रही है। बैकलॉग की स्थिति भी नियंत्रण में है। जिले का औसत बैकलॉग 4.6 दिन दर्ज किया गया है। जिसमें आईओसीएल का बैकलॉग न्यूनतम 3.6 दिन है। जबकि बीपीसीएल एवं एचपीसीएल क्रमशः 5.0 एवं 5.1 दिन पर हैं। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं गैस वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए डिलीवरी प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाएं तथा बैकलॉग को न्यूनतम स्तर पर लाने हेतु प्रभावी कदम उठाएं। उपभोक्ताओं को समय पर रिफिल उपलब्ध कराना प्रशासन एवं तेल कंपनियों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिनमें से अधिकांश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का निष्पादन कर दिया गया है। शेष शिकायतों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है।

# नवाह यज्ञ को लेकर कलश शोभा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के टमटम स्टैंड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में आयोजित होने वाली नौ दिवसीय श्री सीताराम नाम धूनी यज्ञ को लेकर गुरुवार को 201 कुंवारी कन्याओं के द्वारा माथे पर कलश को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई जो वीरपुर बाजार, सुरहाचैक सहित वीरपुर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई। जानकारी देते हुए आयोजक कमिटी के सदस्य सोनू कुमार ने बताया कि नौ दिवसीय श्री सीताराम नाम धूनी यज्ञ शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू होकर छह अप्रैल तक चलेगी। इससे वीरपुर के अगल बगल के गांव में निवास करने वाले श्रद्धालु भी सीताराम नाम के भक्ति भावना में सराबोर होंगे। इस शोभा यात्रा को संपन्न करवाने में डॉ राम सागर सिंह, राजेश कुमार, राजीव कुमार, रंजन कुमार सुधाकर, सुदेश कुमार, चुन्नू सिंह, प्रमोद चैधरी, सोनू कुमार, हेमंत कुमार, विजय कुमार, अमरजीत कुमार, रूपक कुमार सहित कई अन्य लोग लगे हुए थे।

## जागरण के साथ खुले दुर्गा मंदिरों के पट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में जागरण के साथ ही दुर्गा मंदिरों के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। जिससे पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल बन गया है। मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। विशेष कर महिलाओं के बीच खोंइछा भरने की परंपरा को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है और ज्यादा ही भीड़ देखी जाती है। क्योंकि पूरे प्रखंड में नावकोठी और समसा में ही चैती दुर्गा मेला लगता है। प्रखंड के नौ पंचायतों में दो ही पंचायतों में मेला लगने से काफी भीड़ हो जाती है।नावकोठी स्थित एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान एवं समसा पंचायत भवन परिसर स्थित दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ जुट रही है। यहां तीन दिवसीय मेला भी शुरू हो गया है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेला समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार एवं अनमोल कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

# जिले में बढ़ते अपराध पर भाकपा माले ने दी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के किल्ली गांव वार्ड 6 अल्पसंख्यक समुदाय के मो वकील का अपहरण कर अपराधियो द्वारा की गई हत्या में पीड़ितों से भाकपा माले का प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। ज्ञात हो की मो वकील की बर्बरतापूर्वक पिटाई कर 24 मार्च को हत्या कर दिया गया था। इसी मामले को लेकर भाकपा माले के पांच सदस्यीय जांच दल मे शामिल पार्टी जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, किसान महासभा जिला सचिव बैजू सिंह अध्यक्ष नवल किशोर खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव, संजय ठाकुर ने गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढाढस बधाया। ग्रामीणो ने बताया मो वकील 5 बजे सुबह अपने फल दुकान पर जा रहा था। रास्ते से आपराधियो ने अपहरण कर हत्या कर घटना की जानकारी दिया। जब हमलोगो ने मोहनपुर गांव पहुंचा तो हमलोगो के साथ आपराधियो ने मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। नेताओ ने इस जघन्य हत्याकांड की तीव्र निंदा करते हुए। आपराधियो गिरफ्तार करने और आश्रित परिवार को 10 लाख रुपया मुआवजा देने और पीड़ित परिवार और अल्पसंख्यक समुदाय मे इस घटना से भय के वातावरण बना हुआ है। जांच दल मे शामिल नेताओ ने कहा आपराधियो को सरकार और कानून से भय समाप्त हो गया है। पुलिस प्रशासन के अकर्मण्यता और भ्रष्ट आचरण जिम्मेदार है। नेताओ ने कहा आपराधियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई नही हुई तो बाध्य होकर सड़क से सदन तक आन्दोलन तेज करेंगे।

# कलश यात्रा के साथ पंचमुखी हनुमत् महायज्ञ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में श्री पंचमुखी हनुमत रक्षा कवच महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं विराट संत सम्मेलन सह प्रवचन की सफलता को लेकर गुरुवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस भव्य आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। यज्ञाधीश दिव्यानंद महाराज के नेतृत्व में बूढ़ी गंडक नदी तट पर वैदिक विधि-विधान के साथ कलश में जलाभिषेक किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीमद्भागवत की पूजा-अर्चना संपन्न हुई, जिससे वातावरण पूरी तरह



आध्यात्मिक हो गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री कृष्ण सिंह, जनसुराज के नेता डॉ मृत्युंजय कुमार, प्रखंड प्रमुख अनीता देवी, यज्ञ समिति अध्यक्ष टुन्नी सिंह, श्याम नारायण सिंह, यज्ञाचार्य चक्रपाणि जी, उपाचार्य विकास दास जी महाराज, महेशवाड़ा मुखिया अजय सहनी, राम दरेश सिंह तथा शिवम वत्स सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रीकृष्ण पूजा समिति के सदस्यों एवं जयमंगला ई-लाइब्रेरी पहसारा के बच्चों ने भी शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद विधिवत पूजनोचार किया गया। जिसके उपरांत कलश यात्रा ग्राम भ्रमण के लिए पुनः निकल पड़ी।

# ई किसान भवन में बैंकरों की त्रैमासिक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित ई किसान भवन के सभागार में बैंकर्स की त्रैमासिक समीक्षात्मक बैठक गुरूवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ग्रामीण बैंक जिला प्रबंधक बेगूसराय प्रशांत कुमार मिश्रा ने की। पीएनबी नावकोठी, बैंक ऑँफ बड़ौदा बभनगामा, सैन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया छतौना के प्रबंधक को सीडी रेसियो को बढ़ाने पर जोर दिये जाने की बात कही गयी। केसीसी ऋण में अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित करने, बैंकों को कम से कम दो पीएमएफएमई के तहत ऋण करने का निर्देश दिया गया। इस दिशा में यूको बैंक नावकोठी ने दो लक्ष्य के विरुद्ध 8 ऋण स्वीकृत कर दिया है। अन्य बैंक लक्ष्य से पीछे है। इसलिए इन्हें प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना में बैंक की भूमिका का अद्यतन समीक्षा की गई। केसीसी ऋण एनपीए, सीडी रेसियो सहित अन्य कार्यक्रम की समीक्षा की। बैंक में आवेदन की संख्या तथा निष्पादन की स्थिति पर प्रबंधक से विमर्श किया। जीविका समूह ऋण, मछली पालन, पशु पालन सहित अन्य पेंडिंग आवेदनों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रत्येक शाखा को कम से कम दो ऋण स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया। ग्राहकों का पीएमईजीपी लोन करने पर बल दिया गया। पशु पालन के लिए केसीसी को बढ़ावा देने और खाद्य योजना को बढ़ावा देने के लिए ऋण देने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर डीडीएम नाबार्ड आभा कुमारी, यूको बैंक प्रबंधक आनंद कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा बभन गामा, ग्रामीण बैंक पहसारा के मृत्युंजय कुमार कुमार, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा छतौना के अभय कुमार, पीएनबी धीरज कुमार, जीविका से विकास कुमार, कुंदन कुमार आदि ने बैठक में हिस्सा लिया।

# मध्य विद्यालय को उत्क्रमित करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी प्रखंड के भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने उप निदेशक, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पटना, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर प्राथमिक विद्यालय नाथ बागर को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि 10 सितंबर 2024 को पंचायत समिति की बैठक में प्रस्ताव संख्या 13 के तहत इस विद्यालय के उत्क्रमण का निर्णय लिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, नावकोठी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में भी विद्यालय के उत्क्रमण के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की पुष्टि की गई है। विद्यालय के पास लगभग तीन कट्टा दस धूर जमीन उपलब्ध है। जिसमें दस कमरे, दो शौचालय तथा एक किचेन शेड मौजूद है। अभिषेक कुमार ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि इस विद्यालय से निकटतम उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक मुजफ्फर एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर बागर क्रमशः उत्तर-पूर्व और पश्चिम दिशा में लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। हालांकि, पोषक क्षेत्र के कई वार्डों से इन विद्यालयों की दूरी तीन किलोमीटर से अधिक हो जाती है। जिससे बच्चों को पढ़ाई में कठिनाई होती है। ग्रामीण धीरज कुमार, संजीव ठाकुर, पुष्पम कुमार, अनुपम कुमार सहित कई ग्रामीणों ने वरीय पदाधिकारी से प्राथमिक विद्यालय, नाथ बागर को उत्क्रमित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के पोषक क्षेत्र के वार्ड संख्या 7, 8, 9 एवं 11 में महादलित समुदाय की आबादी लगभग 40 प्रतिशत है। पांचवीं कक्षा के बाद करीब 25 प्रतिशत बच्चे दूरी और संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई छोड़ देते हैं। इन सभी तथ्यों को देखते हुए अभिषेक कुमार उर्फ रोशन ने प्राथमिक विद्यालय नाथ बागर को शीघ्र मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के बच्चों को समुचित शैक्षणिक सुविधा मिल सके।

# भोजपुर की नृत्य शिक्षिका आदित्या बिहार दिवस समारोह में सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** कथक नृत्य की सुविख्यात कलाकार सह भोजपुर के टाउन प्लस टू उच्च विद्यालय की नृत्य शिक्षिका को सांगीतिक सेवाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। गत दिनों आदित्या को पटना के गांधी मैदान में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बिहार दिवस के मुख्य समारोह में नोडल पदाधिकारी डॉ. जैनेंद्र दोस्त, कथक नर्तक सह व्याख्याता राजीव रंजन, व्याख्याता डॉ. विशाल भूषण व व्याख्याता उदय पंडित ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह व अपर मुख्य सचिव द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य समारोह



में शिक्षिका आदित्या ने प्रदर्शन कला मंच से कथक नृत्य करने के साथ साथ समारोह में शिरकत करने आये सरकारी विद्यालय की छात्राओं को ठुमरी पर भाव अभिनय का प्रशिक्षण भी दिया। इन्होंने पूर्व देश के प्रतिष्ठित आयोजनों समेत विदेशों में कथक की प्रस्तुति दी है। हाल के दिनों में ही इन्हे कला सेवा हेतु भारत रत्न अटल कला सम्मान से अलंकृत किया गया था। शिक्षिका आदित्या की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मान्वेंद्र कुमार राय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर, टाउन प्लस उवि के प्रधानाध्यापक सैयद रफत ईमाम समेत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में आनंद किशोर, प्रबोध मिश्रा, ऋचा भारद्वाज, लाला राजीव रंजन, रियाज अहमद,सुमेश कुमार, सुभाष कुमार, बालेन्दु शेखर पाठक, मनोज कुमार महिप, मृत्युंजय कुमार, उमेश कुमार, राजीव पासवान, देवाशीष कुमार, नन्द किशोर कुमार निराला, शम्भू कुमार सिंह, अर्चना देवी, प्रियदर्शीनी कृष्णा, ऋचा कुमारी, नुरूस सबा ने बधाई दी है।

# युवती की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीरो (भोजपुर)।** जिले के पीरो थाना क्षेत्र के पीरो पीएचसी में अज्ञात 18 वर्षीया युवती की मौत हो गई। इलाज के दौरान बुधवार के देर रात उसने दम तोड़ दिया।

अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि बुधवार की शाम थाना क्षेत्र के लोहिया चौक स्थित पटन देवी मंदिर के पास अज्ञात युवती बेहोशी की हालत में पड़ी थी।

तब स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना डायल 112 नंबर पुलिस को दी गई थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच उसे इलाज के लिए पीरो पीएचसी ले गई थी। जहां इलाज के दौरान बुधवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया।

# सड़क दुर्घटना में रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर (भोजपुर)।** आरा-छपरा फोरलेन पर गुरुवार की दोपहर सड़क हादसे में रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी की मौत हो गई। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के समीप की है, जहां तेज रफ्तार और बेलगाम टेलर ने बाइक सवार बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान बबुरा



थाना क्षेत्र के पुराना सबलपुर गांव निवासी स्वर्गीय रघुवीर पांडेय के 72 वर्षीय पुत्र योगेंद्र पांडेय के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वे झारखंड में बीसीसीएल कंपनी में कार्यरत थे और कुछ वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त होकर अपने गांव में रह रहे थे। घटना के संबंध में मृतक के भतीजे अंगद पांडेय ने बताया कि गुरुवार की दोपहर योगेंद्र पांडेय बाइक से दवा लेने के लिए कोईलवर आ रहे थे। इसी दौरान दौलतपुर गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, हादसे के बाद टेलर चालक वाहन लेकर फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन बबुरा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त टेलर को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस हादसे ने एक बार फिर फोरलेन सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर गति नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# पीरो प्रखंड के विद्यालयों में पोषण वाटिका योजना पर उठे सवाल, प्रधानाध्यापकों में नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीरो (भोजपुर)।** प्रखंड क्षेत्र के 45 विद्यालयों में पोषण वाटिका के विकास के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रति विद्यालय पांच हजार रुपये की राशि आवंटित की गई है। इस योजना का उद्देश्य विद्यालय परिसर में पोषणयुक्त सब्जियों एवं पौधों की खेती को बढ़ावा देना है, ताकि बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक किया जा सके। नियमानुसार, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पीपीए (परचेज प्रोसीजर एप्रूवल) जेनरेट कर अपने स्तर पर चयनित वेंडर से आवश्यक सामग्री की खरीद करते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में अब विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सूत्रों के अनुसार, जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से विद्यालय प्रधानों पर दबाव



बनाया जा रहा है कि वे जिला द्वारा जेनरेट किए गए पीपीए के माध्यम से जिला स्तर पर चयनित वेंडर को ही भुगतान करें। जबकि नियमावली के तहत विद्यालय प्रधानों को स्वतंत्र रूप से वेंडर चयन करने का अधिकार प्राप्त है। इस कथित हस्तक्षेप को लेकर प्रखंड के कई विद्यालय प्रधानों में असंतोष व्याप्त है। उनका कहना है कि यह व्यवस्था न केवल पारदर्शिता के सिद्धांत के विपरीत है, बल्कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों की अनदेखी भी करती है। विद्यालय प्रधानों का यह भी कहना है कि यदि उन्हें अपने स्तर पर वेंडर चयन की स्वतंत्रता नहीं दी जाएगी, तो योजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न होंगी। साथ ही, इससे कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता भी प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में जब विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनका पक्ष स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ सका। अब देखना यह होगा कि विभाग इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है और विद्यालयों में पोषण वाटिका योजना का क्रियान्वयन किस प्रकार सुनिश्चित किया जाता है।

# अज्ञान रूपी अंधकार को हरण करने वाला है राम का नाम : देवराहाशिवनाथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** श्रीरामनवमी शोभायात्रा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमपूज्य त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संत श्रीदेवराहाशिवनाथ दास महाराज ने मैना सुंदर धर्मशाला में अपने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ प्रेस वार्ता की। राष्ट्रीय अध्यक्ष परमपूज्य त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संत श्रीदेवराहाशिवनाथ दास महाराज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम सर्वत्र और सर्वव्यापी हैं। भगवान राम का नाम विषय रुपी सर्प का जहर उतारने के लिए मंत्र और महामणि है। यह नाम भाग्य के बुरे लेख को भी मिटा देता है। राम का नाम अज्ञान रुपी अंधकार का हरण करने के लिए सूर्य के किरणों के समान और सेवक रुपी धर्म के पालन करने में मेघ के समान है। उन प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाना सौभाग्य की बात है। संत श्री ने आगे कहा कि जो राम से प्रेम करता है वह राम का दास है। सम्मान समारोह का आयोजन भक्त राम की भक्ति में डूबकर अपना सर्वस्व लुटा देता है। रामजी की तस्वीर जो अयोध्या में ऐसा सुंदर स्वरूप है कि समस्त संसार उनके स्वरूप को अपने-अपने हृदय में धारण कर और उनके तैलचित्र को अपने-अपने घरों में रखकर उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डु सिंह बबुआन, कोषाध्यक्ष गोकुल सिंह सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान,स्टार प्रचारक सरोज पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष सन्नी पांडे, उपाध्यक्ष नवीन प्रकाश, रोहित सिंह बजरंगी, अखंडानंदजी सहित सभी ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद थे।


**पूर्वोत्तर रेलवे** — ई-नीलामी सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

आक्शन कैटलाग नम्बरः BSB04PARKING26

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (दो पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| देवरिया स्टेशन स्थित (दो पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 10:40 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया)स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 10:50 बजे तक |
| गौरीबाजार स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया)स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया)स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:10 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:20 बजे तक |
| दुल्लहपुर स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:40 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित(दो/तीन/चार पहिया) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 11:50 बजे तक |

आक्शन कैटलाग नम्बरः BSB02PAYnUSE26

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| थावे स्टेशन पर पे एंड यूज टॉयलेट का ठेका | 03वर्ष | 08-04-2026 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |

नोटः ♦ ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। ♦ ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिये इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाइन रू. 10,000/- (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। ♦ ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल *(www.ireps.gov.in)* के *E-Auction leasing Section* मे उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-293 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन ने जारी की गाइडलाइन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। रामनवमी पर्व के अवसर पर पुलिस प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी बताया कि इस दौरान क्या करें या क्या न करें। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस प्रशासन ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर प्रतिमा स्थापित करने एवं जुलूस के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस वाले जुलूस को विधि-विरुद्ध मजमा माना जाता है एवं उक्त जुलूस में सम्मिलित सभी व्यक्ति, विशेष कर आयोजक, दण्ड के भागी होंगे। जुलूस के साथ लाइसेंसधारी स्वयं उपस्थित रहकर लाइसेंस साथ रखेंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा मांगे जाने पर लाइसेंस दिखायेंगें तथा निर्गत लाइसेंस में दिये गये शर्तों का अक्षरशः पालन करेंगे। निर्धारित तिथि व समय के अंदर ही जुलूस प्रारंभ व समापन कर लेंगे। केवल लाइसेन्स में चिह्नित रूट और मार्गो से ही विसर्जन जुलूस निकालेंगे। सभी रामनवमी पूजा समिति सदस्य पूजा पंडाल को मजबूती से बनाएं एवं पूजा पंडाल के पास आग की रोकथाम हेतु कम-से-कम पांच बाल्टी में बालू एवं पानी एवं फायर एक्सटिंग्विशर्स की व्यवस्था निश्चित रूप से करेंगे तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें। पूजा पंडाल बनाते समय ट्रैफिक का ध्यान रखते हुए पूजा पंडाल बनाए ताकि यातायात बाधित न हो। पूजा पंडाल में बिजली कनेक्शन विधिवत् विद्युत विभाग से प्राप्त करेगें तथा वायरिंग ठीक से करेंगे ताकि शॉर्ट सर्किट के कारण कोई अप्रिय घटना घटित न हो। पूजा पंडाल में महिला श्रद्धालुओं एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग दो प्रवेश द्वार का निर्माण करेंगे। क्या ना करने को लेकर पुलिस प्रशासन ने कहा कि किसी भी जुलूस के अवसर पर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और लॉड स्पीकर भी निर्धारित मानक के अनुरुप ही बजेगा। किसी प्रकार के धार्मिक उन्माद वाले तथा आपत्तिजनक भड़काउ नारें न लगाये। व्यंग्य चित्र, बैनर, पोस्टर जो दूसरे समुदाय की भावना को ठेस पहुंचा सकते है, न लगाएं अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कृपया रामनवमी पर्व के अवसर पर यातायात नियमों का उल्लंघन न करें। बाइकर्स गैंग पर विशेष कार्रवाई की जायेगी। बाईक दौड़ाने से बचे, अन्यथा दंड के भागी होंगे। गति सीमा का उल्लंघन न करें, दुर्घटना हो सकती है। शराब एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें। यह कानूनन अपराध है। पूरे बिहार में शराब बंदी लागू है, नशे की हालत में पाये जाने वाले तत्त्वों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। सभी जुलूस सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में रहेंगे। सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास न करे अन्यथा ऐसा करने वाले असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। विधि-विरुद्ध जुलूस में शामिल सभी लोगों को सीसीटीवी/वीडियोग्राफी से चिह्नित कर कांड दर्ज किया जायेगा एवं गिरफ्तारी की जायेगी।

# शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रामनवमी पर्व को लेकर शांति बनाए रखने के लिए बीडीओ कुमार अश्विनी, थानाध्यक्ष शंभु कुमार, एसआई कुशो कुमार,आकाश कुमार, पप्पू कुमार, रविकान्त कुमार, ध्रुव कुमार, विनोद कुमार, मिथलेश कुमार एएसआई बबनजीत कुमार, पीटीसी जनमेजय दुबे ने रफीगंज शहर के मेन बाजार, स्टेशन रोड, राजबिगहा ,राजा बगीचा, बस स्टैंड, डाकबंगला रॉड, कन्या उच्च विद्यालय के पीछे से होते हुए थाना परिसर तक फ्लैग मार्च किया गया। बीडीओ एवं थानाध्यक्ष ने कहा कि रफीगंज में विभिन्न जगहों में पर्व को लेकर जुलूस निकाला जाएगा। रामनवमी पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये फ्लैग मार्च निकाला गया। और विभिन्न जगहो पर सभी लोगो एवं दोनो समुदाय से शांति बनाए रखने के लिए अपील किया गया। बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। असामाजिक तत्वों के लोगो के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों पर ध्यान ना दें। पर्व में डीजे पर अश्लील गाना न बजायें। इस अवसर पर थानाध्यक्ष शंभू कुमार, अंचलाधिकारी रामकुमार रमन, एसटीएफ एवं जिला पुलिस बल शामिल रहे।

## शांति व्यवस्था को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रामनवमी को लेकर रफीगंज शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार की रात्रि बड़ी दुर्गा देवी स्थान मंदिर परिसर में रामभक्तों के साथ रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता संजय कुमार गुप्ता उर्फ योगी ने की, जबकि संचालन शंकर शौण्डिक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी रामनवमी का जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में निकालने की उम्मीद है। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि डीजे पर प्रतिबंध रहेगा, हालांकि कम ध्वनि में ही संगीत बजाने की अनुमति होगी। साथ ही सभी पूजा समितियों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य बताया गया। उन्होंने कहा कि जुलूस के रूट चार्ट को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। रामभक्तों ने जानकारी दी कि 27 मार्च को महाराजगंज, नरसिंह स्थान एवं बड़ी दुर्गा देवी स्थान के सदस्यों द्वारा जुलूस एवं आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। वहीं 28 मार्च को चरकावां निचलीडीह के श्रद्धालुओं द्वारा जुलूस का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी सदस्यों ने आपसी समन्वय एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व को भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर राजु गुप्ता, त्रिकाल विश्वकर्मा, अशोक गुप्ता, धनराज विश्वकर्मा, गौरव गुप्ता, कुंदन कुमार, अमर कुमार, विक्की कश्यप, सुभम सिंह, सज्जन कुमार, सुरेश प्रसाद सोनी, अजय सिंह, विकास सोनी, अंकित विश्वकर्मा, दिलीप सोनी,युवराज शौण्डिक, ईसु गुप्ता, सुरज कुमार गुप्ता, सुभम सुमाल्या, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीजे जब्त करने से संचालकों में हड़कंप

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रामनवमी पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सख्त हो गया है। प्रशासन ने जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके बाद प्रखंड के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने डीजे संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए दर्जनों डीजे जब्त कर लिए हैं। इस अचानक हुई कार्रवाई से डीजे संचालकों और बुकिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार का कहना है कि तेज आवाज से शोभायात्रा में भगदड़ की स्थिति पैदा हो सकती है, इसलिए यह ऐहतियाती कदम उठाया गया है। पुलिस ने सभी आयोजकों से शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालने की अपील की है। इन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस गस्ती तेज कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा है कि किसी भी तरह की संदिग्ध स्थिति समझ में आये तो अविलम्ब पुलिस को सूचना करें। समय रहते मामले से निपटा जा सके।

# फायर बिग्रेड की पहलः गांव-गांव पहुंचकर की मॉकड्रिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड अग्निशामालय द्वारा गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में व्यापक स्तर पर मॉकड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया और पम्पलेट वितरण कर आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों, थ्रेशर मालिकों, स्कूल के छात्रों एवं स्थानीय व्यवसायियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके बताए। साथ ही डायल 101/112 एवं सरकारी मोबाइल नंबरों की जानकारी देकर किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क करने की अपील की गई।

**इन स्थानों पर हुआ मॉकड्रिल एवं जागरूकता अभियान**

बौर, बहादुरपुर, दनई बिगहा, म० वि० दनई (सरकारी स्कूल), कोटवारा, हसनपुर, फीता बिगहा, रफीगंज बाजार, राजा पैलेस (फीता बिगहा) तथा पौथू स्थित बाल्मीकि किसान सेवा केंद्र सहित कुल 11 जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अग्निशामालय टीम ने विशेष रूप से किसानों और थ्रेशर संचालकों को आग से बचाव के उपायों पर जोर देते हुए बताया कि छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। स्कूलों में बच्चों को भी अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अग्निशमन विभाग की इस पहल की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि आमजन सुरक्षित रह सकें।

# सरकारी अस्पताल पहुंचकर जरूरतमंद के लिए किया रक्तदान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय स्वयंसेवी संस्था मां गायत्री रक्त सेवा समूह के अभियान से प्रेरित होकर एक युवक ने मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की। एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंकोरहा निवासी दर्शन कुमार ने सदर अस्पताल में रात करीब 9 बजे एक जरूरतमंद महिला के लिए रक्तदान किया। दर्शन कुमार ने बताया कि वे रक्तदान को अपनी आदत ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी मानते हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने जन्मदिन और शादी की सालगिरह जैसे खास अवसरों पर भी रक्तदान करते हैं और अब तक 7 बार रक्तदान कर चुके हैं। उनका मानना है कि "यदि मेरा रक्त किसी के जीवन को बचाने में काम आ जाए, तो इससे बड़ी खुशी और कोई नहीं हो सकती।" उन्होंने यह भी बताया कि मां गायत्री रक्त सेवा समूह के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन कुमार की प्रेरणा से उन्होंने रक्तदान को परंपरा बनाने का संकल्प लिया है और आगे भी हर जरूरतमंद के लिए तत्पर रहेंगे।

# रामनवमी को लेकर हसपुरा में फ्लैग मार्च
## शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर हसपुरा थाना पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में गुरुवार की शाम हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च हसपुरा थाना परिसर से शुरू होकर मेहंदिया रोड होते हुए पीरू, रघुनाथपुर, किशनपुर, अमझर शरीफ, मुस्लिमाबाद, हसपुरा बाजार, नरसन, चहुँटा, सलेमपुर, पचरुखिया, कोइलवा एवं सिहाड़ी बाजार सहित विभिन्न गांवों और चौक-चौराहों से गुजरते हुए पुनः हसपुरा बाजार, पटेल चौक और बस स्टैंड के रास्ते थाना परिसर में समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस बल ने पैदल और वाहन से गश्त करते हुए आमजन को शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने लोगों, खासकर युवाओं से अपील की कि रामनवमी का पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जुलूस के दौरान डीजे का उपयोग नहीं किया जाए और सभी जुलूस शांतिपूर्वक निकाले जाएं। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट
## मदनपुर-सलैया में फ्लैग मार्च




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। आगामी रामनवमी पर्व को लेकर मदनपुर एवं सलैया थाना क्षेत्र में प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। गुरुवार को शांति, सौहार्द और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व मदनपुर के एसडीपीओ चंदन कुमार ने किया। फ्लैग मार्च थाना मुख्यालय से शुरू होकर मुख्य बाजार, खिरियावां, शिवगंज, सलैया, उचौली, अस्पताल रोड, मिरगंज, आंजन, मनिका, बेरी वार समेत प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचा। इस दौरान पुलिस बल बाइक और पैदल गश्त करते हुए लोगों को शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि रामनवमी को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाएं तथा सामाजिक समरसता बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने, शांति भंग करने या माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इंस्पेक्टर गोपाल कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष सह पुलिया इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पर्व को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और गश्ती तेज कर दी गई है, ताकि लोग निर्भय होकर उत्साहपूर्वक पर्व मना सकें।

फ्लैग मार्च में एसआई सुरेंद्र कुमार, रोहित कुमार, संजीव कुमार पाठक, सुशील कुमार सिंह, ऐश्वर्या प्रिया, एसके चौधरी, मंटू कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नालंदा के सभी...

तथा बिहारशरीफ सदर अस्पताल को अति विशिष्ट अस्पताल बनाया जायेगा। नालंदा जिले में खेलों के लिए सेंटर अफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। सबका सम्मान-जीवन आसान निश्चय के तहत कठिनाइयों को दूर कर लोगों के लिए सरकारी सुविधाएं प्राप्त करना आसान बनाया जायेगा। इन कामों से जिले का पूरे तौर पर विकास होगा। केन्द्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। अब बिहार बहुत आगे बढेगा और देश के विकसित राज्यों में शामिल हो जायेगा। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सह नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक हरि नारायण सिंह, डा. सुनील कुमार, कौशल किशोर, रूहेल रंजन, जितेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधान पार्षद नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

### ऐतिहासिक होगी रामनवमी...

विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शोभा यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालु अनुशासन का पालन करें और सामाजिक सद्भाव बनाए रखें। उन्होंने दावा कि इस वर्ष की रामनवमी शोभा यात्रा पटना में ऐतिहासिक और यादगार साबित होगी। इस बार की रामनवमी में प्रसिद्ध टीवी धारावाहिक रामायण में प्रभु श्री राम का चरित्र निभाने वाले अभिनेता व सांसद अरुण गोविल समेत प्रसिद्ध कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी भी शामिल होंगे। मुख्य मंच पर महामहिम राज्यपाल सैयद हसनैन के अलावे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, बिहार सरकार में मंत्री, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी भी मंच पर शोभायात्राओं का अभिनंदन आरती उतार कर करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं रामनवमी शोभा यात्रा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रेल मंत्री अश्विनी...

प्रबंधन प्रणाली के रूप में एक केंद्रीकृत निगरानी मंच, सुरक्षा, विकसित किया जा रहा है। अब तक कवच को 3,103 किलोमीटर मार्ग पर स्थापित किया जा चुका है। उच्च घनत्व और उच्च उपयोग वाले गलियारों सहित 24,427 किलोमीटर मार्ग पर कवच का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा जैसे प्रमुख गलियारों पर 1,638 किलोमीटर मार्ग पर पहले ही यह प्रणाली चालू हो चुकी है। कवच लगाना एक जटिल प्रक्रिया है। इसके कार्यान्वयन को और आगे बढ़ाने के लिए, रेलवे अगले दो वर्षों में कवच नेटवर्क को 9,000 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना बना रहा है और उसके बाद प्रति वर्ष 10,000 किलोमीटर तक बढ़ने की संभावना है।

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से बाजार हुआ गर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। कच्चे तेल की बढ़ती कीमत व विभिन्न तरह की समस्याओं से बाजार गर्म हो गया है। आमलोगों के घरों में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक चीजों की कीमत तेजी से बढ़ रही है। रिफाइन तेल की कीमत बढ़ी है। व्यवसायियों की माने तो वर्तमान में रिफाइन की कीमत में पांच रुपये प्रति लीटर बढ़ गई है। आटा, चावल, तेल की कीमत स्थिर है। प्लास्टिक की रैपर की कीमत बढ़ गई है। प्लास्टिक का उपयोग जिस किसी उत्पाद में होता था उसकी कीमत बढ़ेगी। इसके साथ ही बिस्कुट, चॉकलेट, मसाला सहित आइटम प्लास्टिक में ही पैक होते हैं। इनकी कीमत बढ़ी है। चावल, आटा, तेल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं हुई है। व्यवसायी के अनुसार 10 कार्टून बिस्किट फ्री मिलता था और यही मुनाफे में जुड़ जाता था। इसके अलावा जो कमीशन कंपनी के द्वारा दिया जाता था उनमें भी कमी आ गई है। यह स्कीम बंद हो गई है। प्लास्टिक से संबंधित जो भी पैकिंग होती थी उसकी कीमतें बढ़ती जा रही है। ट्रांसपोर्ट में इसके लिए भीड़ लगी हुई है। कीमतों में बढ़ोतरी होने और आगामी समस्या को ध्यान में रखते हुए व्यवसायी भी परेशान है।

# पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव

**अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा सं**। बिहार के मौसम में फिर से उतार-चढ़ाव होने वाला है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार चौबे ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह से सक्रिय है। दिन की गर्मी से वातावरण में बनी अस्थिरता ने इन बादलों को घातक बना दिया है। अगले 48 घंटों में तापमान 3 से 5 डिग्री तक गिर कर सकता है। आज यानी शुक्रवार को आसमान में छिट-पुट बादल छाए रहने की संभावना है। इस बीच आकाशीय बिजली और वर्षा हो सकती है। उन्होंने बताया कि 28 मार्च शनिवार को औरंगाबाद के सीमावर्ती जिले में अलर्ट जारी किया गया है।


## पूर्व रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 11-15-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 24.03.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: 11-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/भागलपुर के खंड में कचहरी कॉलोनी, एनई कॉलोनी और रेल कुंज भागलपुर में स्टाफ क्वार्टरों के सुधार और उन्नयन के सिविल कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.2,63,03,664.41, **क्रम सं. 2, निविदा सं. :12-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अधिकार क्षेत्र में दिव्यांगजन यात्रियों के लिए टैक्टाइल टाइलों के प्रावधान के सिविल कार्य और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.4,30,87,265.63, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 13-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, पूर्व रेलवे/मालदा के तहत सहायक अभियंता/भागलपुर के अधिकार क्षेत्र में किमी 53.8 -55.1 = 1300 मीटर (अप और डाउन साइड), किमी 49.4-49.8 = 400 मीटर में मंदार हिल-पांडे टोला हॉल्ट खंड, किमी 55.8 - 56.5 = 1400 मीटर पर भागलपुर-दुमका सिंगल लाइन खंड के बीच नए साइड ड्रेनों के निर्माण के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 5,74,81,885.97, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 14-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अधिकार क्षेत्र के तहत सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के खंड में सुलतानगंज स्टेशन पर क्वार्टरों (32 अदद) के उन्नयन के सिविल कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,17,59,480.74, **क्रम सं. 5, निविदा सं. 15-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के तहत विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेटों पर गेट लॉज, टॉयलेट, पानी की आपूर्ति और सड़क सतह के सुधार के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 53,79,364.15, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.04.2026 को 15.30 बजे (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)।

MLD-384/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**Govt. of Bihar**

**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, RCD, ROAD DIVISION No. 1, Aurangabad**
**Email ID:- eercdaurangabad01@gmail.com, Mob:- +91-9470001281**
**SBD BASED DETAILED NOTICE INVITING E-TENDER**
**(Through e-procurement mode only https://www.eproc2.bihar.gov.in)**
**NIT No.- RCD / AURANGABAD/SBD/15/2025-26 (Re-Tender)**

1. Designation And Address of The Advertiser :- Executive Engineer, R.C.D., Road Division No. 1 Aurangabad
2. Date Of Issue of Notice Inviting Tender :- 18.03.2026
3. Period For Download of Tender Document :- From 13.04.2026 to 20.04.2026 Up to 15:00 hrs. (From Website: https://www.eproc2.bihar.gov.in ) Only.
4. Date, Time & Place of Pre-Bid Meeting :- 16.04.2026 at 11:00 hrs. at Office of The Chief Engineer, South, RCD, Bihar, Patna
5. Last Date & Time for Uploading Tender Document By Bidder :- 20.04.2026 Up to 15:00 hrs. On Website: (https://www.eproc2.bihar.gov.in ) Only.
6. Date, Time & Place Of Opening Of Technical Bid :- Date- 20.04.2026 after 15:30 hrs. On Website : https://www.eproc2.bihar.gov.in
7. Details Of Works:

| Group No. | Name of work | Estimated Cost ( Rs in Lakh) | Amount of Earnest money ( Rs in Lakh) | Cost of B.O.Q (to be paid through online mode) (non-refundable) (in Rs.) | Bid Processing Fee (to be paid through online mode) (non-refundable (in Rs.) | Time of completion of work (in month) Including monsoon period. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Widening and Strengthening of Old G.T. Road Jasoiya More to Ramesh Chowk from Ch. 0.00 to 1.80 km and Construction of new RCC Drain on the Level of Road for the year 2025-26 under RCD, Road Division No. 1, Aurangabad | 1535.43471 | 25.36 | 10,000.00 | As appeared on e-proc2 | 06 Months |

8. Date, Time & Place of opening of Financial Bid:-To be announced after approval of Technical Bid by Competent Authority **(on Website : https://www.eproc2.bihar.gov.in)**
9. Bid Validity :-120 Days
10. Detailed NIT can be seen on website **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** or https://www.eproc2.bihar.gov.in or the notice board of the office of the undersigned.

**PR. No. 27270 (Excise) 25-26**

**Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)**

**आम सूचना**

**नगर विकास एवं आवास विभाग के** निदेशानुसार नगर निकायो में ठोस कचरा प्रबंधन (Solid Waste Management) अन्तर्गत में Solid Waste Management Charge की वसूली किये जाने का निदेश प्राप्त है। नगर पंचायत, रफीगंज वार्डो में डोर टू डोर कुड़ा उठाव एवं अन्य सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिसके लिए Solid Waste Management Charge की वसूली की जानी है।

अतः सभी आम जनता से अनुरोध किया जाता है कि अपने-अपने घरो/प्रतिश्ठानो से SWM Charge की वसूली में सहयोग प्रदान की जाय। SWM Charge की राशि विवरणी निम्नवत है।

| क्रम सं० | विवरणी | वसूली की राशि |
|---|---|---|
| 1 | घरेलु (आवासीय) | ₹ 20 मासिक |
| 2 | दुकान | ₹ 50 मासिक |
| 3 | धर्मशाला/होटल/रेस्टुरेंट | ₹ 150 मासिक |
| 4 | वणिज्यक कार्यालय, बीमा कार्यालय, बैंक, कोचिंग, शिक्षण संस्थान आदि | ₹ 150 मासिक |
| 5 | मैरेज हॉल, फेस्टीवल हॉल, | ₹ 1000 मासिक |
| 6 | गोदाम/कोल्ड स्टौरेज | ₹ 500 मासिक |

**PR- 27300 ( B & C ) 2025-26**

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज।**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# औरंगाबाद में भव्य रामनवमी जुलूस की तैयारी

## पांच किमी लंबी यात्रा में हजारों लोग होंगे शामिल, डीजे पर बैन, मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिले में रामनवमी को लेकर श्रद्धा, आस्था और उत्साह का माहौल है। 28 मार्च को शहर में भव्य रामनवमी जुलूस सह शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में लगभग 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। करीब 5 किलोमीटर लंबी यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए धार्मिक एकता और परंपरा का संदेश देगी। जुलूस की शुरुआत ब्लॉक मोड़ से पारंपरिक गाजे-बाजे, ढोल-सिंघा और भांगड़ा की धुन पर होगी। यह शोभायात्रा जसोइया मोड़ तक जाएगी और फिर वापस ब्लॉक मोड़, कर्मा मोड़, रमेश चौक होते हुए मुख्य बाजार स्थित जामा मस्जिद के पास पहुंचेगी। धर्मशाला मोड़ के पास अलग-अलग पूजा समितियों की शोभायात्राएं एकत्रित होंगी और यहां सामूहिक रूप से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भव्य आयोजन में रामनवमी पूजा समिति ब्लॉक मोड़, सरस्वती सुशोभित समिति काली मंदिर, शक्ति आराध्या समिति नावाडीह हनुमान मंदिर और श्री राम जानकी ठाकुरबारी पूजा समिति सहित कई समितियां शामिल होंगी। हर साल की तरह इस बार भी जामा मस्जिद के पास सभी समितियों का मिलन होगा, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होता है। इस वर्ष शोभायात्रा में लगभग 12 से अधिक आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी जिनमें भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान की लगभग 15 फीट ऊंची प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। प्रशासन की ओर से डीजे पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद सभी समितियों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया है जिससे सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भी शोभायात्रा पर नजर रखी जाएगी। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले भर में कुल 82 समितियों को जुलूस निकालने का लाइसेंस दिया गया है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 6233 लोगों को चिन्हित कर बीएनएसएस की धारा 126 के तहत कार्रवाई की गई है जबकि 3829 लोगों को धारा 135 के तहत बाउंड डाउन किया गया है। इसके अलावा सात लोगों पर सीसीए-3 के तहत कार्रवाई हुई है। 401 डीजे संचालकों को भी बाउंड डाउन किया गया है और 42 डीजे जब्त किए गए हैं।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रयासरत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड स्थित मुंशी बिगहा में समृद्धि यात्रा के चौथे चरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जीविका दीदी की रसोई एक्सप्रेस फ़ूड ट्रक का उद्घाटन किया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दीदी की रसोई एक्सप्रेस फूड ट्रक की अवधारणा एवं उसके संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। यह पहल जीविका से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस फूड ट्रक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब शुद्ध, पौष्टिक एवं किफायती भोजन को शहरों, सार्वजनिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंचा सकेंगी। यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी बल्कि उन्हें उद्यमिता की ओर भी प्रेरित करेगी और रोजगार के अवसर मिलेगा। फूड ट्रक में तैयार किए जाने वाले व्यंजन स्थानीय स्वाद और पोषण को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जाएंगे, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके। इसका एक स्टॉल जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत कनबेहरी तालाब के पास भी लगाया जाएगा। दीदी की रसोई पहले से ही अस्पतालों एवं अन्य स्थानों पर संचालित होकर लोगों को सस्ती दरों पर भोजन उपलब्ध करा रही है। अब दीदी की रसोई एक्सप्रेस फूड ट्रक के रूप में इसका विस्तार एक नई दिशा प्रदान करेगा। इससे जीविका दीदियों को अपने उत्पादों के विपणन का बेहतर मंच मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# मांग के अनुरूप की जा रही एलपीजी की डिलीवरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7552 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6557 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# डीएम-एसपी ने फ्लैग मार्च कर की आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के द्वारा आगामी रामनवमी जुलूस के दृष्टिगत गुरुवार को जिले में विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से संयुक्त रूप से पैदल मार्च किया गया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर के गेट स्कूल से रमेश चौक होते हुए नगर थाना तक फ्लैग मार्च कर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात रमेश चौक से नगर थाना तक पैदल मार्च कर आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु व्यापक तैयारी की गई है। संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही आवश्यकतानुसार पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि वे पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है, जिससे रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# चोरी की सामग्रियों के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** हसपुरा पुलिस द्वारा एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव निवासी निशांत कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से चोरी का होम थियेटर, बैटरी एवं गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्रियां बरामद किया गया है। इसका आपराधिक इतिहास रहा है। यह पहले भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। जानकारी के अनुसार 24 मार्च को महुली गांव के एक मुर्गी फॉर्म में चोरी हुई थी जिसमें पीड़ित दीपक कुमार ने आवेदन समर्पित कर चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। कांड के गंभीरता पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की सामग्रियों के साथ बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से चोरी की सभी सामग्रियां भी बरामद किया गया है। पकड़ा गया बदमाश वर्ष 2024 में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत युवक को जेल भेज दिया गया।

# बिहार के स्कूलों में 'वंदे मातरम' की अनिवार्यता स्वागतयोग्य : अनिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार के स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' से करने के निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार सिंह ने इस फैसले के लिए बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से छात्रों में राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत होगी और उनमें एकता व सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित होगा। साथ ही बच्चों को राष्ट्रगीत के महत्व और उसके भावार्थ को समझने का अवसर भी मिलेगा, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है, जो स्व-शासन की सामूहिक आकांक्षा और मातृभूमि के प्रति गहरे भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है। इस तरह के कदम छात्रों में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किसी भी प्रकार से राजनीतिक विषय नहीं है बल्कि यह देश के सम्मान, विश्वास और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इनका सम्मान करे। उन्होंने कहा कि देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने के लिए इस प्रकार के प्रयास आवश्यक हैं और हर व्यक्ति को स्वयं आगे बढ़कर राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए।

# 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत देवकुंड पुलिस ने गुम मोबाइल बरामद कर लौटाई खुशियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आमजन की समस्याओं के समाधान और पुलिस के प्रति भरोसा मजबूत करने की दिशा में औरंगाबाद पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'ऑपरेशन मुस्कान' लगातार सार्थक साबित हो रहा है। इस अभियान के तहत गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया जा रहा है, जिससे लोगों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट रही है। इसी क्रम में देवकुंड थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर गुम हुए कई मोबाइल फोन को तकनीकी सहायता और सतत निगरानी के जरिए सफलतापूर्वक बरामद किया। बरामद मोबाइल को विधिवत प्रक्रिया पूरी करते हुए उनके असली धारकों को सुपुर्द किया गया। अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कई लोगों ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल वापस मिल पाएगा लेकिन पुलिस की तत्परता ने इसे संभव कर दिखाया।

# सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया बैंकों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष बैंक जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान पूरे जिले में एक साथ संचालित किया गया, जिसके तहत विभिन्न बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की जांच की। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं तथा उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रूप से संरक्षित हो रही है। साथ ही बैंक परिसरों में लगे अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार और सुरक्षा गार्डों की तैनाती की भी बारीकी से समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त बैंक लॉकर कक्षों की भी विशेष जांच की गई। अधिकारियों ने लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश-निकास रजिस्टर एवं पहचान सत्यापन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाने को दें। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन के साथ बैठक कर आपसी सामंजस्य और समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया।


आप सभी को रामनवमी के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
श्वेता कुमारी
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी
कुटुम्बा (औरंगाबाद)


# बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ के लॉयर्स हॉल में के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति सदस्यों का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार और वरिष्ठ अतिथि परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार, जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, जिला जज द्वितीय आनंदिता सिंह, जिला जज तृतीय अशोक कुमार गुप्ता, जिला जज चतुर्थ दिव्या वरिष्ठ, जिला जज पंचम उमेश प्रसाद, जिला जज छह लक्ष्मी कांत मिश्रा, जिला जज नवम पंकज पांडेय, स्पेशल उत्पाद कोर्ट जज कन्हैया प्रसाद यादव, एसीजेएम प्रदीप चंद्रा थे। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद सिंह ने किया और संचालन अधिवक्ता प्रेमेन्द्र मिश्रा ने किया। सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार को अध्यक्ष और सचिव और नवनिर्वाचित सदस्यों ने संयुक्त रूप से साल बुके और माला देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह, सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह एवं अभय कुमार को प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने जिला विधिज्ञ संघ का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दो बार अध्यक्ष व सचिव रहने के गौरव के लिए पूर्व महासचिव परशुराम सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पद के लिए विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनारायण सिंह, कोषाध्यक्ष गिरिजेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष क्षितिज रंजन, उदय कुमार सिन्हा एवं अशोक कुमार सिंह ने शपथ ली। इसके अलावा संयुक्त सचिव दिलीप कुमार सिंह, सियाराम पांडेय एवं देवीनंदन सिंह, सहायक सचिव सतीश कुमार स्नेही, श्यामनंदन तिवारी एवं पवन कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य यमुना प्रसाद सिंह, मो. अकमल हसन, अनील कुमार सिंह, संत सिंह, महेश प्रसाद सिंह, अंकेक्षक अनिल कुमार सिन्हा, निगरानी समिति सदस्य अनिल आशुतोष, पुस्तकालय अध्यक्ष चंद्रकांता कुमारी, कार्यसमिति सदस्य धनश्याम ठाकुर, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, मो. इम्तियाज अंसारी, विनय द्वेवेदी, योगेश कुमार मिश्रा, बबन कुमार सिंह एवं प्रमोद कुमार सिंह ने शपथ ली।


आप सभी को रामनवमी के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
डा. रमेश यादव
जिला प्रवक्ता
राजद, औरंगाबाद





मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जन्मोत्सव, रामनवमी के अवसर पर मसौढी वासियों को शुभकामनाएं
विजय कुमार यादव
महामंत्री, भाजपा
पटना जिला ग्रामीण





बिहार सरकार
मुख्यमंत्री
बिहार
संदेश





रामनवमी का पर्व हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी असीम भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। भगवान राम का जीवन पूरी मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन मानव प्रेम, सद्भाव, सहनशीलता, त्याग–तपस्या एवं मर्यादा का प्रतीक है, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम कहा जाता है।

उनके जीवन पर आधारित विभिन्न काव्यों एवं कथाओं के अध्ययन से पता चलता है कि उन्होंने उन विचारों एवं सिद्धांतों का भी सम्मान किया जो उनके अपने विचारों एवं सिद्धांतों से भिन्न थे। यह भाव हमें सहनशीलता का संदेश देता है।

इस पावन पर्व के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को मेरी शुभकामनाएँ।

नीतीश कुमार

PR No.- 027201 (Home)D. 2025-26


# लूट सहित अन्य मामलों में 43 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लूट के शीर्ष में एक, पॉक्सो एक्ट में एक, दहेज हत्या में एक, हत्या के प्रयास में पांच, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 9 तथा अन्य मामलों में 26 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 110.10 लीटर देसी, एक गैस सिलेंडर, एक मोटर, एक साउंड बॉक्स एवं एक बैट्री बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1081 वाहनों की जांच की गई जिसमें 132000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा साईबर थाना की पुलिस द्वारा 27777 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269



मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जन्मोत्सव, रामनवमी के अवसर पर मसौढी वासियों को शुभकामनाएं





शिव शंकर पांडेय परिवार
नेता-भाजपा, मसौढी (पटना)



आप सभी को रामनवमी के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
निरंजन साह
मुखिया
एरौरा (देव) औरंगाबाद




## संक्षिप्त समाचार

### संकुल स्तर पर हुआ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परीक्षा में कक्षा 3 से 8 के 10499 बच्चे हुए थे शामिल

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढने वाले वर्ग 3 से 8 के छात्र- छात्राओं की हुई वार्षिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं का सभी संकुलों में केन्द्र बनाकर मूल्यांकन का कार्य संपन्न हो गया। 19 से 24 मार्च तक चलने वाले मूल्यांकन में 10499 छात्र-छात्राओं के उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर मूल्यांकन किया गया। सदानंद उच्च विद्यालय डुमरिया में संकुल संचालक डा.राघवेन्द्र कुमार



झा एवं समन्वयक समन्वयक सुमन कुमार की निगरानी में अरुण कुमार राय,किशोर कुमार झा,शिवानी कुमारी,आनंद कुमार,सोनम कुमारी,सुमित कुमार आनंद, संजीव सिन्हा आदि शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करते देखे गये।इस बाबत बीडीओ सह प्रभारी बीईओ शुभम प्रकाश ने बताया कि वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा में 11217 छात्र शामिल हुए।वर्ग 1 एवं 2 के 716 बच्चों की मौखिक परीक्षा ली गई।जबकि शेष बच्चे लिखित परीक्षा में शामिल हुए।उन्होंने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का कार्य सभी संकूलों को केन्द्र बनाकर पूरा कर लिया गया है।

### सुजापुर से निकली शोभायात्रा में शिव मंदिर फाउंडेशन गौरीधाम के रामभक्तों ने दिखाया जलवा

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को सुजापुर से भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। शोभायात्रा की शुरूआत सुजापुर स्थित हनुमान मंदिर से हुई। जिसका नेतृत्व मंदिर कमिटी के पदाधिकारी, बजरंग दल,पंचायत के गणमान्य लोग कर रहे थे।इसी क्रम में शिव मंदिर फाउंडेशन गौरीधाम के बैनर तले संस्थापक एवं संयोजक ई० विकास तिवारी के नेतृत्व में रामनवमी शोभा यात्रा बलुआ राधा कृष्ण हनुमान मंदिर से गौरीडीह से काली मंदिर काली स्थान



से घुसकी से निकला युवाओं का दल बलवा चौक पहुंचकर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो गया,जो कि सुजापुर तक गई। युवाओं ने यात्रा के दौरान विभिन्न करतब प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया और माहौल को उत्साह से भर दिया। शोभायात्रा में बरारी विधायक विजय सिंह निषाद, बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार,सुजापुर सरपंच सतेंद्र पंडित, बजरंग दल के राजीव भगत,मनोरंजन पाल,मनोज भगत,मानवाधिकार प्रखंड सचिव धनजीत यादव,समाजसेवी उज्ज्वल सिंह,उमेश चन्द्र यादव,प्रशांत चौहान, सुनिल मंडल,अमन साह,विशाल चौहान,राम आशीष चौहान, शरद चौधरी,सुजित चौहान सहित सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय महिलाओं ने घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। वहीं कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता, फल, शरबत और शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई। पूरे आयोजन के दौरान ह्लजय श्रीरामह्व, ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लहर घर भगवा छाएगाह्व, ह्लराम राज्य फिर आएगाह्व और ह्लगर्व से कहो हम हिन्दू हैंह्व जैसे नारों से वातावरण गूंजायमान रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

### नैयाडाबर पुल निर्माण में अनियमितता का आरोप, फॉरवर्ड ब्लॉक ने उठाए सवाल

**गिरिडीह (नबिटासं)।** बेंगाबाद ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की एक टीम ने बेंगाबाद प्रखंड के भलकुदर पंचायत स्थित नैयाडाबर बिजलीबथान निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद टीम ने पुल निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे ह्लविकास के नाम पर लूटह्व करार दिया।फॉरवर्ड ब्लॉक नेताओं ने कहा कि खुरचुट्टा-लुप्पी रोड पर स्थित पुराना पुल कई वर्ष पहले भारी बारिश में ध्वस्त हो गया था। लंबे समय से इस पुल के निर्माण की मांग की जा रही थी। उन्होंने स्थानीय विधायक द्वारा पुल निर्माण की स्वीकृति दिलाने की सराहना की, लेकिन साथ ही निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी पर गहरी नाराजगी जताई नेताओं ने आरोप लगाया कि पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड का स्तर पुल से नीचे छोड़ा गया है, जिससे आवागमन में परेशानी होगी और भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहेगी निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बताया गया कि डेक स्लैब पर वेयरिंग कोट डालने के लिए इस्तेमाल की जा रही लोहे की छड़ें निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं हैं। आरोप है कि जहां 8 एमएम की छड़ें लगनी चाहिए थीं, वहां पतली छड़ों का उपयोग किया जा रहा है और उन्हें भी तय दूरी से अधिक गैप देकर बांधा गया है। ऐसे में पुल की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं फॉरवर्ड ब्लॉक नेता श्री यादव ने जिला प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लिखित शिकायत भी की जाएगी तथा स्थानीय विधायक को भी अवगत कराया जाएगा।नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बेंगाबाद-लुप्पी सड़क निर्माण में भी गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, जहां पीसीसी सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो रही है निरीक्षण के दौरान फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुखदेव गोस्वामी और महादेव महतो सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गिरिडीह में जीएसटी में बड़े फजीवाड़े का आरोप, जांच की उठी मांग

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिले में जीएसटी से जुड़े एक बड़े फजीवाड़े का मामला सामने आया है। इस संबंध में माले नेता राजेश सिन्हा ने गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जानकारी जल्द ही प्रेस के समक्ष विस्तार से रखी जाएगी सिन्हा ने आरोप लगाया कि लॉकडाउन से पहले जिन लोगों ने जीएसटी नंबर लिया था और बाद में उनका व्यवसाय बंद हो गया, उनके जीएसटी नंबर का दुरुपयोग किया जा रहा है। उनके अनुसार, जिन लोगों के माध्यम से पहले जीएसटी रिटर्न भरा जाता था, वही अब इन निष्क्रिय जीएसटी नंबरों का इस्तेमाल कर फर्जी लेन-देन दिखा रहे हैं उन्होंने बताया कि इन फर्जी ट्रांजैक्शनों में कहीं 2 करोड़, कहीं 2.5 करोड़ तो कहीं मामूली राशि के बिल बनाए जा रहे हैं। इसके बदले 10 से 20 प्रतिशत तक कमीशन लिया जाता है। इस तरह से एक संगठित तरीके से अवैध कमाई की जा रही है सिन्हा ने कहा कि जब इस फजीर्वाड़े का खुलासा होने की आशंका होती है, तो संबंधित व्यक्ति के खाते में 10 से 15 लाख रुपये डालकर ट्रांजैक्शन को रिवर्स कराया जाता है। लेकिन जब जीएसटी विभाग की ओर से नोटिस असली वेंडर के पास पहुंचता है, तो वह परेशान होकर इधर-उधर दौड़ने को मजबूर हो जाता है उन्होंने कहा कि इस पूरे खेल में असली जीएसटी धारक को अंधेरे में रखकर धोखाधड़ी की जा रही है, जबकि इस अवैध कारोबार से जुड़े लोग करोड़पति बनते जा रहे हैं राजेश सिन्हा ने बताया कि माले के पास ऐसे कई मामलों के उदाहरण सामने आए हैं। एक सप्ताह के भीतर जीएसटी कार्यालय रांची, गिरिडीह और कोडरमा के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों, विधायकों, उपायुक्त और एसडीएम को लिखित आवेदन दिया जाएगा। साथ ही, इस मामले में लीगल नोटिस भेजने की भी तैयारी की जा रही है उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# युवक की हत्या कर शव को तलाब में फेंका

## सिर एवं गर्दन पर तेज धारदार हथियार से किया वार, पुलिस कर रही छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर (कटिहार)।** बलरामपुर थाना क्षेत्र के शरीफनगर पंचायत के लछौर में बुधवार की रात अज्ञात बदमाशों द्वारा एक युवक की हत्या कर तालाब में फेंक दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मृतक की पहचान सुनील कुमार महतो उर्फ मुन्ना (26) पिता भिखारी महतो साकिन लछोर थाना बलरामपुर के रुप में हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव से कुछ ही दुरी पर तालाब किनारे लोग शौच के लिए गया हुआ था।



इस दौरान तालाब किनारे शव देखकर हक्का बक्का रह गया और आसपास में मौजूद अन्य लोगों को शोर मचा कर बुलाने लगा। लोग पास में जाकर जब शव को देखा तो सन्न रह गया। फिर इस की सुचना अन्य ग्रामीणों के साथ साथ पुलिस को भी दी। परिजनों के अनुसार मृतक को किसी ने फोन कर के बलदियागाछी लछोर के बीच किसी बहाने से बुलाया था। जहां पीछे से उसके सिर एवं गर्दन पर तेज धारदार हथियार से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बाद में शव को तालाब में फेंक दिया है। घटना स्थल से कुछ ही दुरी पर मृतक का बाइक भी खड़ा मिला है।वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस गहन जांच पड़ताल कर रही है बहुत जल्द हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# ज्ञान प्रबंधन, संचार एवं मीडिया विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जीविका जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन इकाई कार्यालय सभागार में ज्ञान प्रबंधन,संचार एवं मीडिया विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का



शुभारंभ डीआरडीए निदेशक सुदामा प्रसाद सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक इंद्र शेखर इन्दु, वरिष्ठ पत्रकार, संचार प्रबंधक रुपेश कुमार सहित कई अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया ` इस कार्यशाला में जिले के सभी मीडियाकर्मी, प्रखंडों के संचार नोडल सहित जिला कार्यालय के अधिकारी शामिल हुए। अध्यक्षीय संबोधन में डीआरडीए निदेशक ने मिडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि जिले में चल रहे बेहतर प्रयासों को वे अवश्य कवरेज करें। ताकि समाज में सकारात्मक वातावरण बन सके और लोगों को प्रेरणा मिले` उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदियों के प्रयास से से हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन को सराहा।त ाे वहीं मिडिया से आग्रह किया कि उनके कार्यों को और अधिक स्थान मिलना चाहिए।

डीपीएम ने जीविका परियोजना में संचार की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जीविका की उपलब्धियों को गिनाया। जबकि पत्रकारों द्वारा उपस्थित कर्मियों को संचार एवं मीडिया के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करते हुए जीवन में संचार की अहमियत से अवगत कराया। तो सामाजिक और संगठनात्मक परिपेक्ष में मीडिया की भूमिका और प्रस्तुतीकरण पर भी प्रकाश डाला गया`प्रिंट मिडिया की ओर से जुड़े सूरज गुप्ता सहित कई अन्य पत्रकारों ने कहा कि जीविका से सम्बंधित सभी खबरों का प्रकाशन प्रिंट मिडिया में होता हीं रहता है। उन्होंने आगे भी इस तरह के कार्यशाला के आयोजन करने पर बल दिया। उन्होंने समाचार पत्रों में खबरों के प्रकाशन की जटिलता से अवगत कराते हुए उस पर ध्यान देने की आवश्यक्ता जताई।वहीं सुब्रत गुहा ने इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जड़ी बारीकियों से अवगत कराया और उसके अनुसार हीं कार्यक्रम आयोजित किये जाने की बात कही। जिला संचार प्रबंधक रूपेश कुमार ने संचार के विभिन्न अवयवों एवं तकनीक को पीपीटी के माध्यम से साझा किया तथा संचार माध्यमो पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रखंडों से आये जीविका पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए संचार गतिविधियों के महत्व को बताया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित भी किया गया।

# कटिहार रेल मंडल में व्यापारियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह के नेतृत्व में बुधवार को मंडल रेल कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्य से संबंधित व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं सुझावों को खुलकर रखा।



बैठक के दौरान व्यापारियों ने माल ढुलाई से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों, रेक की उपलब्धता, समयबद्ध मूवमेंट तथा स्टेशन परिसरों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसे मुद्दों को विस्तारपूर्वक उठाया। रेल प्रशासन ने इन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए सकारात्मक रुख अपनाया और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। विशेष रूप से लोडिंग एवं अनलोडिंग मैनेजमेंट को अधिक सुव्यवस्थित बनाने, रेक मूवमेंट में सुधार लाने तथा स्टेशन परिसरों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही कई स्टेशनों पर गुड्स शेड से संबंधित कार्यों को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर भी मंथन किया गया। डीआरएम किरेंद्र नरह ने बैठक में स्पष्ट किया कि व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और रेल सेवाओं को अधिक सुलभ एवं उपयोगी बनाने के लिए निरंतर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

## पाचंबा आंगनबाड़ी में चोरी, बच्चों के भोजन पर संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के पाचंबा थाना क्षेत्र स्थित लोहपिट्टी आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार रात चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने केंद्र का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गैस चूल्हा, दो सिलेंडर सहित खाना बनाने के अन्य सामान चुरा लिए। घटना की जानकारी मिलते ही आंगनबाड़ी सेविका तुरंत केंद्र पहुंचीं और मामले की सूचना पाचंबा थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है इस घटना से आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले छोटे बच्चों के भोजन पर संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर आक्रोश है, क्योंकि इससे सीधे तौर पर बच्चों के पोषण कार्यक्रम पर असर पड़ सकता है।

# अल फिरदौस एकेडमी का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने अमदाबाद पेट्रोल पंप के समीप स्थित अल फिरदौस एकेडमीह्न का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य संवरता है और क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो पाता है।

ऐसे संस्थानों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर अवसर मिलेंगे। वहीं एकेडमी के निदेशक अब्दुस समी ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को



गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि एजाबुल हक, शहाबुद्दीन उर्फ छोटू,आदित्य कुमार उर्फ छोटू,गुलाब रौशन, सुशांत मंडल, रहमतुल्लाह, मोहम्मद मैनुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# लंबित मामलों के निष्पादन में लायें तेजी : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 को लेकर गठित जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक का संचालन करते हुए सचिव सह जिला कल्याण पदाधिकारी ने गत बैठक की कार्यवाही से अवगत कराते हुए कहा कि जिले को अजा, अजजा अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 1,50,00,000/- प्राप्त हुआ। जिसमें 1,49,56,410/- मुआवजा के मद में भुगतान किया गया तथा शेष 43590/- का



प्रत्यर्पण कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि कैलेंडर वर्ष 2026 में कुल 22 कांड दर्ज हुए हैं जिनमें 17 कांडों में स्वीकृति प्राप्त कर लिया गया है और मुआवजा का भुगतान प्रक्रियाधीन है। वहीं शेष 05 कांडों की स्वीकृति प्राप्त करने की प्रकिया चल रही है।डीडब्ल्यूओ ने बताया हत्या के मामले के 21 आश्रितों को माह फरवरी का पेंशन भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत न्यायालय में 91 मामले में आरोप-पत्र समर्पित करना लंबित है। वहीं आरोप गठन के बाद दो आश्रित को नियुक्ति दे दी गई है और एक को नियुक्ति देने की प्रक्रिया चल रही है। समिति के कार्यों की समीक्षा के बाद डीएम ने लंबित मामलों में मुआवजा भुगतान, ससमय आरोप पत्र समर्पण, आश्रितों का यात्रा भत्ता भुगतान तथा न्यायालय में लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने सहित कई अन्य निर्देश दिया। इसी के साथ डीएम ने मेनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम के तहत गठित जिलास्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पूर्व के निदेर्शानुसार जिले के किसी भी नगर पंचायत या नगर परिषद में किसी भी प्रकार का मैनुअल स्कैवेंजर नहीं है। सभी कार्य मशीनों के द्वारा हीं कराया जाता है।

# जय श्रीराम के जयघोष से भक्तिमय हुआ माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर पंचायत बरारी में रामनवमी के पावन अवसर पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव की अगुवाई में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूरे नगर में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर क्षेत्र भगवा रंग से पटा रहा और जय श्रीरामह्व के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।भव्य शोभायात्रा गांधी स्मृति भवन स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई।

यात्रा रेफरल अस्पताल चौक, बरारी थाना चौक, डाकबंगला चौराहा, श्री भगवती मंदिर बरारी



हाट, मालाकार चौक, बरारी बस्ती, अवध नगर चौक, धर्मशाला मुहल्ला, राम जानकी मंदिर गुरुबाजार, शहीद भगत सिंह चौक होते हुए काढ़ागोला स्टेशन बाजार पहुंची और अंत में पुनः बजरंगबली मंदिर, गांधी स्मृति भवन गुरुबाजार में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए शामिल हुए।आगे-आगे चल रहे युवाओं का जोश और पीछे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। ढोल-मंजीरा और डीजे की धुन पर रामभक्त झूमते नजर आये। भगवान श्रीराम, माता जानकी,भगवान लक्ष्मण एवं बजरंगबली की वेशभूषा में निकली झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।वहीं शोभायात्रा को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।

# दिव्यांगों को मिली 'निरामया' योजना की सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल परिसर स्थित 'कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति' के कार्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के राज्य सलाहकार बोर्ड सदस्य शिव शंकर रमाणी ने की।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि शिव शंकर रमाणी ने सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित दिव्यांगजनों और उनके परिजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जोर दिया



कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर मोहन कुमार पंजियार राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बोर्ड सदस्य, राष्ट्रीय न्यास, भारत सरकार एवं सदस्य, मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कटिहार के दिव्यांगजनों को 'निरामया' स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मोहन कुमार ने कहा कि योजना के तहत पात्र दिव्यांगजनों को 1 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म, बौद्धिक निशक्तता और बहु-दिव्यांगता से ग्रसित व्यक्तियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और उपचार में आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

# हार्वर्ड में गया की बेटी का चयन, एमबीए और पब्लिक पॉलिसी प्रोग्राम मे मिली जगह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए गया की बेटी पल्लवी चौहान का चयन अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में हुआ है। इस छात्रा को हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रतिष्ठित एमबीए और हार्वर्ड कैनेडी स्कूल के मास्टर इन पब्लिक पॉलिसी प्रोग्राम एमपीपी में प्रवेश मिला है। विश्व के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में शामिल हार्वर्ड विश्वविद्यालय में चयन होना अत्यंत गौरव की बात मानी जाती है। पल्लवी, मोहड़ा प्रखंड के जेठियन गांव की रहने वाली है। इनके पिता अजय कुमार सिंह झारखंड के गिरीडीह जिला स्थित सरिया अंचल में पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। पल्लवी ने डीपीएस धनबाद से मैट्रिक, डीपीएस आर के पुरम नई दिल्ली से प्लस टू और हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से



ग्रेजुएशन इकोनॉमिक्स पास की है। वर्तमान में पल्लवी, अबू धाबी, दुबई स्थित टोनी ब्लेयर कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में भी गर्व और खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पल्लवी व इसके पिता श्री सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# रामनवमी पर भक्ति और उल्लास का दिखा नजारा





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नगर पंचायत क्षेत्र में गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरा शहर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।शोभा यात्रा की शुरूआत स्थानीय हाई स्कूल उच्च विद्यालय परिसर से हुई। यहां से निकली यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरती हुई अंबेडकर चौक पहुंची। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां, ध्वज और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन लोगों को मंत्रमुग्ध करती रही।

श्रद्धालु पूरे उत्साह और उमंग के साथ भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आनंद सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल के जवान शोभा यात्रा में मौजूद रहे। अधिकारियों ने लगातार निगरानी रखते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। स्थानीय लोगों ने भी शोभा यात्रा का स्वागत किया और जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस दौरान पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। रामनवमी के इस आयोजन ने सामाजिक सौहार्द और धार्मिक एकता का भी सुंदर संदेश दिया।

# रामनवमी को लेकर पुलिस-प्रशासन की तैयारियां पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। इस संबंध में जारी सूचना के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार के हवाले से बताया गया कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, रोहतास ने संयुक्त रूप से प्रतिनियुक्ति आदेश जारी किया है जिसमें संवेदनशील स्थानों पर दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सशस्त्र और लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। रामनवमी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर रामजानकी की झांकी और शोभा यात्रा निकाली जाती है



जिससे जातिगत विद्वेष और पूर्व शत्रुता उभरने की संभावना होती है। इसलिए प्रशासन ने पूर्व से ही निगरानी और निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर अभी तक कहीं से भी किसी प्रकार की तनाव की सूचना नहीं है, लेकिन पूर्व के अनुभवों के आधार पर व्यापक सतर्कता आवश्यक है। अपराधियों और आतंकियों की गतिविधि भी इस त्योहार के अवसर पर बढ़ जाती है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आसूचना संकलन की प्रक्रिया को तीव्र करने और साम्प्रदायिक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया है। साथ ही जुलूसों में असमाजिक तत्वों को शामिल नहीं होने देने की व्यवस्था करने को कहा गया है। दिनारा थानान्तर्गत भलुनी धाम में रामनवमी के अवसर पर वृहद मेला लगता है जिसके लिए एक अस्थायी पुलिस पिकेट स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा काराकाट प्रखंड के विभिन्न स्थानों, संझौली, सूर्यपुरा एवं दावथ में नगर पंचायत कोआथ, सेमरी, बभनौल सहित अन्य सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस-प्रशासन के मुस्तैदी की बातें कही गई। इस संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थानों पर पहुंच जाएं और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

# डिहरी में नवरात्र पर मां प्राकेश्वरी दुर्गा मंदिर का पट खुला, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर परिषद परिसर स्थित प्रसिद्ध मां प्राकेश्वरी दुर्गा मंदिर में बुधवार को नवरात्र के शुभ अवसर पर विधि-विधान के साथ मां का पट खोला गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने मां के दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में शंकर हॉस्पिटल एवं डायलिसिस केंद्र के निदेशक डॉ. जयप्रकाश सिंह, महाप्रबंधक राघवेंद्र सिंह उर्फ विशु सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव लवकुश सिंह, सुशील




कुमार सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह, जिगर सिंह, प्रशांत सिंह, रवि सोनी, बिट्टू गुप्ता, दिलीप सिंह बम जी, मंटू कुमार समेत अन्य सदस्यों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना संपन्न हुई। अध्यक्ष सुनील सिंह ने विधायक सोनू सिंह को मां का प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। मंदिर के सदस्यों ने बताया कि 111 फीट ऊंचे गुंबद के साथ गोबिंद पंडित और विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ मां दुर्गा की पूजा और आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे तथा सभी ने प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद लिया।

# विश्व ऑप्टोमेट्री सप्ताह का सफल आयोजन

## शैक्षणिक एवं जागरुकता कार्यक्रम से विद्यार्थियों को मिलता है ज्ञान : गोविंद नारायण सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, रोहतास के ऑप्टोमेट्री विभाग द्वारा 23 से 26 मार्च तक 'विश्व ऑप्टोमेट्री सप्ताह' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष का वैश्विक थीम 'ए शेयर्ड विजनः कोलैबोरेशन इन ग्लोबल ऑय केयर' रहा जिसका उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देना है। ऑप्टोमेट्री छात्रों को उच्च स्तरीय क्लिनिकल प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के पूरे सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों



के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्व ऑप्टोमेट्री सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष वेबिनार का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. कमल पंत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधन में प्रो.चांसलर गोविंद नारायण सिंह ने नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग बनाते हैं। कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह ने ऑप्टोमेट्री के क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं का उल्लेख करते हुए छात्रों को समर्पण और उत्कृष्टता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** श्रीरामनवमी महोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम सरैया में गुरुवार को श्रद्धा, उत्साह और भक्ति से परिपूर्ण भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समाजसेवी हंसराज कुमार के नेतृत्व में तथा ग्राम पंचायत सरैया के मुखिया संजय चौधरी एवं उपमुखिया अमित गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया। हनुमान मंदिर, सरैया के प्रांगण से संध्या 4:00 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और युवा शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी, गणेश जी, शिवा जी, सम्राट अशोक, रानी लक्ष्मी बाई की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में 'जय श्रीराम' के उद्घोष, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा सरैया के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

# मारपीट के मामले में चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज अंतर्गत काराकाट के बेलवाई गांव में गुरुवार को पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के मुकदमा दर्ज कराए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। काराकाट थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि विवाद या मारपीट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। संगीता देवी ने कांड संख्या 142/26 दर्ज कराया है जिसमें नौ लोगों को नामजद किया गया है।




# धूमधाम से मनाई गई जितेंद्र सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि, भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बस्तीपुर स्थित आर.एस.के. पब्लिक स्कूल के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय जितेंद्र सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। उनके पुत्र आनंद सिंह एवं पुत्रवधू गिन्नी सिंह छोटे पुत्र रंजन सिंह पुत्रवधू सोनी सिंह एवं सब परिवार ने विधिवत पूजा-अर्चना की। 'हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण' के संकीर्तन से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। दूधमी गांव की कीर्तन मंडली द्वारा 12 घंटे का अखंड हरि-कीर्तन किया गया जिसमें व्यास मनोज सिंह, सूर्यनाथ यादव, राम इकबाल यादव, बबन यादव, वकील सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, नागदेव सिंह, शम्भू सिंह, कामेश्वर सिंह, बैजू पासवान एवं छोटू पासवान सहित अन्य भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान स्वर्गीय जितेंद्र सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उन्होंने कीर्तन मंडली को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, सतीश सिंह, सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत सिंह, श्री अरविन्द एकेडमी स्कूल के प्राचार्य अरविंद भारती, विद्यालय के प्रधानाचार्य राज नारायण सिंह, प्रधानाचार्या प्रेम लता शर्मा, शिक्षक कौशल कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार प्रजापति, नीलम उपाध्याय, रश्मि गुप्ता, नरेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार, कृति कुमारी, श्वेता प्रकाश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भगवान राम का मना जन्मोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नवरात्र अनुष्ठान के समापन के शुभ अवसर पर राम जन्मोत्सव धूमधाम से गायत्री मंदिर के प्रांगण संझौली में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ट्रस्टी राकेश शर्मा ने की। हवन यज्ञ एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम भी वैदिक रीति से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम की जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए राम नाम की महिमा भी बताई। उन्होंने कहा नवरात्र में संपूर्ण राष्ट्र राम नाम के रंग में रंगा हुआ है। यदि हम सब में भी रामावत उत्पन्न होगा तो निश्चित रूप से रामराज आएगा। वर्तमान समय में भारतीय शासन पद्धति का गोल्डन प्रेड चल रहा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने जो युग निर्माण योजना चलाई वह सफलीभूत होता नजर आ रहा।

